वर्ष : 34 ▸ अंक : 159 ▸ पृष्ठ : 8 ▸ मुंबई, शुक्रवार, 15 अगस्त 2025 ▸ RNI: MAHHIN/49994/91 ▸ मूल्य : 3 रुपए ▸ epaper.dobajedopahar.com ▸ संपादक : अरुण लाल

DBD
दो बजे दोपहर
पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है



दायित्वनामा

# अ से अनुशासन आ से आज़ादी



अरुण लाल
arunlal.y@gmail.com

आज़ादी के 78 वर्ष बाद भी हम सभी भारतीय आज़ादी के दीप जलाने में जुटे हुए हैं। आज भी भारत के करोड़ों-करोड़ लोग आज़ादी के अनुभव से वंचित हैं। इस महान दिन पर हम यह मानते हैं कि आज़ादी के उत्सव मनाने के साथ-साथ पत्रकारिता की यह भी ज़िम्मेदारी है कि हम सही मायने में आज़ादी के अर्थ को समझें-समझाएं और चर्चा करें...



स्वतंत्रता का अर्थ यह है कि स्व का तंत्र। अर्थात एक निश्चित भूभाग के लोग एक साथ मिलकर साथ रहने के लिए कुछ नियम-कानून बनाते हैं, जिसमें किसी बाहरी व्यक्ति या देश का कोई हस्तक्षेप नहीं रहता। कहने का अर्थ यह है कि हम भारत के लोग आज़ाद हैं किसी बाहरी शक्ति के प्रभाव या दबाव से। पर आज़ादी का अर्थ यह नहीं होता कि नागरिक हर तरह से आज़ाद हो जाए। आज़ादी का अर्थ यह है कि इंसान मिलकर साथ रहने और हर किसी की आज़ादी को संभव बनाने के लिए कुछ नियम-कानून बनाए, जिनका पालन करके हम जीवन को बेहतर से बेहतरीन की तरफ ले जाएं। आजादी किसी व्यक्ति में सिमटी चीज नहीं। व्यक्ति दर व्यक्ति से जुड़ कर आजादी के फूलों की लड़ी बनती है।

यहां हम यह बताना अपना दायित्व समझते हैं कि यदि आप नियमों का पालन करते हैं, तभी आप सही मायने में आज़ाद हैं। अब खुद से कुछ सवाल करते हैं-क्या हम मन से कानून का सम्मान करते हैं...? क्या हम पर्यावरण को संरक्षित करते हैं...? क्या हम सड़क पर चलने का सही सलीका जानते हैं...? क्या हम अपने शहर को स्वच्छ रखने का प्रयास करते हैं...? क्या हम दूसरों की आज़ादी का सम्मान करते हैं...? ऐसे हर 'क्या', जो हमें मानव समाज में रहने लायक बनाता है, का जवाब ढूंढना ही सच्चे मायने में आज़ादी है...

सभी देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।

# मुंबईकरों को आज़ादी का तोहफा

## बीडीडी चॉल पुनर्विकास परियोजना के तहत सौंपी गई 556 फ्लैट्स की चाबी

- असली मुंबईकरों को मुंबई में वापस लाने जा रहे हैं: सीएम फडणवीस

दीपक पवार । मुंबई



महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने मुंबई के वर्ली बीडीडी चॉल पुनर्विकास परियोजना के तहत तैयार 556 फ्लैट्स का उद्घाटन किया और लाभार्थियों को चाबी सौंपी. इस मौके पर मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि मुंबई में अब घरों की कीमत सोने जैसी हो गई है, इसलिए इन्हें मत बेचो. यह घर अगली पीढ़ी को देना है, यह ध्यान में रखो, और इन घरों में प्यारी बहनों का भी नाम लगाओ. अजित पवार ने भी अपने भाषण में घर न बेचने की अपील की. मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और उप-मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा कि हम असली मुंबईकरों को मुंबई में वापस लाने जा रहे हैं. फडणवीस ने कहा कि मैंने कहा था कि ऐसा काम करना है कि कोई गाली न दे. इसी वजह से हमने ग्लोबल टेंडर करने का निर्णय लिया. उसके अनुसार प्रक्रिया पूरी हुई. टाटा, एलएनटी और शापूरजी पलोनजी ने यह काम लिया और अच्छी तरह से काम हो रहा है. 22 अप्रैल 2017 को टेंडर हुआ. उसके बाद कई अड़चनें आईं, लेकिन हमने काम जारी रखा।

### डिब्बावालों को मिलेगा 25,50,000 रुपए में मकान



मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के सहयोग और विधायक श्रीकांत भारती के प्रयासों से अत्याधुनिक 'डिब्बावाला अंतर्राष्ट्रीय अनुभव केंद्र' का निर्माण किया गया। गुरुवार को सीएम फडणवीस ने 'डिब्बावाला अंतर्राष्ट्रीय अनुभव केंद्र' का उद्घाटन किया। उद्घाटन समारोह में सूचना एवं प्रौद्योगिकी मंत्री आशीष शेलार और बड़ी संख्या में डिब्बावाले उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री फडणवीस ने घोषणा की कि डिब्बावाले कर्मचारियों को 25,50, 000 लाख रुपए में मकान दिए जाएंगे। इस घोषणा का डिब्बावाले कर्मचारियों ने स्वागत किया।

### जल्द पूरा होगा '59 मिनट में मुंबई' का सपना




मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर मुंबईवासियों के लिए कई महत्वपूर्ण बुनियादी ढाँचे और मेट्रो परियोजनाओं का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि मेट्रो नेटवर्क का तेजी से विस्तार हो रहा है, और प्रति वर्ष कम से कम 50 किलोमीटर मेट्रो लाइनें पूरी की जा रही हैं। सड़क नेटवर्क का भी व्यापक निर्माण किया जा रहा है, और हाल ही में दो लिंक ब्रिज का उद्घाटन किया गया, जो पूर्वी और पश्चिमी उपनगरों के बीच यात्रा का समय घटाएंगे।मुख्यमंत्री ने कहा कि मुंबई का कोस्टल रोड अब 24 घंटे खुला रहेगा। इसमें पैदल मार्ग और साइकिल ट्रैक भी शामिल हैं, ।

# बादल फटने से किश्तवाड़ में आया जलप्रलय

- अब तक 46 से ज्यादा लोगों की मौत
- चशोटी गांव में मचैल माता की धार्मिक यात्रा के लिए पहुंचे कई लोग बहे, 167 लोग बचाए गए

एजेंसी । किश्तवाड़

जम्मू-कश्मीर में किश्तवाड़ के चशोटी गांव में गुरुवार दोपहर 12:30 बजे बादल फटा। कई लोग पहाड़ से आए पानी और मलबे की चपेट में आ गए। हादसे में अब तक 42 लोगों की मौत हो गई है। अब तक 65 लोगों को बचाया गया है। करीब 200 से ज्यादा लोग लापता हैं। किश्तवाड़ के चशोती में बादल फटने की घटना से जुड़ी जो तस्वीरें और वीडियो सामने आए हैं, वो वहां के भयावह मंजर को बयां कर रहे हैं। चशोती की तस्वीरें देख ऐसा लग रहा है कि जैसे किसी ने धरती चीर दी हो। तस्वीरों में दूर-दूर तक मलबा फैला दिख रहा है, जिसमें गाड़ी, बाइक, घर, दुकान हर जगह तबाही के मंजर दिख रहे हैं।



### पीएम से लेकर सीएम तक ने जताया शोक

चिशौती कस्बा प्रसिद्ध मचैल माता तीर्थयात्रा मार्ग का पड़ाव स्थल है। 25 जुलाई से चल रही मचैल माता यात्रा भी रोक दी गई है। यात्री जहां पर हैं, वहीं पर उन्हें रुकने को कहा गया है। पीएम नरेंद्र मोदी, उपराज्यपाल मनोज सिन्हा और मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने इस आपदा पर गहरा दुख जताया और पीड़ितों की हर संभव सहायता का भरोसा दिया। किश्तवाड़ में आई तबाही को लेकर राहुल गांधी ने भी एक्स पर पोस्ट शेयर कर दुख जताया है। उन्होंने लिखा कि जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ में बादल फटने से आई तबाही के कारण कई लोगों की मौत और कईयों के लापता होने की खबर बेहद दुखद है।

## ब्रीफ न्यूज़

### वनतारा को याचिका में पक्षकार बनाएं : सुप्रीम कोर्ट

**मुंबई\नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने जंगली जानवरों के लिए बनाए गए वन्यजीव बचाव एवं पुनर्वास केंद्र वनतारा में रखे गए पालतू हाथियों को लौटाने के लिए एक निगरानी समिति गठित करने का अनुरोध करने वाली याचिका को गुरुवार को पूरी तरह से अस्पष्ट करार दिया। जस्टिस पंकज मिथल और जस्टिस पी. बी. वराले की बेंच ने याचिकाकर्ता और अधिवक्ता सी. आर. जय सुकीन से कहा कि वह वनतारा के खिलाफ आरोप लगा रहे हैं लेकिन उसे मामले में पक्षकार भी नहीं बनाया है। शीर्ष अदालत ने याचिकाकर्ता को निर्देश दिया कि वह वनतारा को याचिका में पक्षकार बनाएं। बेंच ने कहा कि आप उन पक्षों के खिलाफ आरोप लगा रहे हैं जो यहां प्रतिनिधित्व नहीं कर रहे हैं। आपने उन्हें प्रतिवादी नहीं बनाया। आप उन्हें पक्षकार बनाएं और फिर हमारे पास आइए, हम देखेंगे। न्यायालय ने मामले पर अगली सुनवाई के लिए 25 अगस्त की तारीख तय की।

### अब मेट्रो की लाइन में लगने का झंझट खत्म



मुंबई। देश के प्रमुख सरकारी बैंकों में से एक, इंडियन ओवरसीज़ बैंक (IOB) ने मुंबई की लाइफलाइन, मुंबई मेट्रो लाइन 1 के साथ हाथ मिलाया है. दोनों के बीच एक ऐसी ऐतिहासिक साझेदारी हुई है, जो आपके मेट्रो के सफर को हमेशा के लिए बदलने वाली है. अब आपको टिकट के लिए कैश ढूंढने या लंबी लाइनों में खड़े होने की कोई जरूरत नहीं पड़ेगी, क्योंकि IOB आपके लिए एक 'वन-स्टॉप' टिकटिंग समाधान लेकर आया है. इंडियन ओवरसीज़ बैंक ने मुंबई मेट्रो वन प्राइवेट लिमिटेड (MMOPL) के साथ एक समझौता ज्ञापन (MoU) पर हस्ताक्षर किए हैं. MMOPL वही कंपनी है जो मुंबई की सबसे व्यस्त लाइनों में से एक, वर्सोवा-अंधेरी-घाटकोपर रूट पर मेट्रो चलाती है. इस समझौते के तहत, IOB अब मेट्रो यात्रियों के लिए कई तरह के आधुनिक टिकटिंग समाधान प्रदान करेगा।

### शाकाहारी को नपुंसक बोलने वाले संजय राउत के बयान पर बवाल



**मुंबई।** उद्धव सेना के प्रवक्ता व राज्यसभा सदस्य संजय राउत अपने शाकाहारी नपुंसक के बयान पर घिर गए हैं। बीजेपी मीडिया प्रमुख नवनाथ बन ने कहा कि राउत ने वारकरी, धारकरी, टालकरी, भागवत, नाथ संप्रदाय का अपमान किया है। क्या राउत यह मानते हैं कि सभी शाकाहारी नपुंसक होते हैं। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने भी कहा कि कुछ लोग कहते हैं कि शाकाहारी नपुंसक होते हैं। उन्हें तत्काल ऐसे बयान देना बंद करना चाहिए।

सावरकर मानहानि केस

# राहुल की सुरक्षा की मांग वाली याचिका वापस

- पुणे कोर्ट में कल कांग्रेस नेता के वकील ने पिटीशन दी थी

**पुणे।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी की सुरक्षा को लेकर पुणे की स्पेशल कोर्ट में दायर याचिका को गुरुवार को उनके वकील मिलिंद पवार ने वापस ले ली है। पुणे की स्पेशल MP/MLA कोर्ट सावरकर मानहानि केस में राहुल के खिलाफ सुनवाई कर रही है। पवार ने कहा कि स्पेशल कोर्ट में एक आवेदन दायर कर उक्त याचिका वापस लेने की अनुमति देने का आग्रह किया है। कोर्ट ने बुधवार को याचिका को रिकॉर्ड पर लिया था। हालांकि, आज अदालत ने मुझे उक्त याचिका वापस लेने की अनुमति दे दी।

### पूरा मामला समझें



दरअसल, राहुल के वकील पवार ने बुधवार को कोर्ट में राहुल की जान को खतरा बताते हुए याचिका दाखिल की थी। पवार ने कोर्ट में लिखित सूचना देकर कहा था कि "वोट चोरी" का मामला उजागर करने के बाद राहुल गांधी को खतरा बढ़ गया है। हालांकि, मीडिया में खबर आने के बाद में कांग्रेस नेता सुप्रिया श्रीनेत ने कहा था कि यह याचिका राहुल की सहमति के बिना दाखिल की गई है। श्रीनेत ने X पर जानकारी शेयर की थी।

## आवारा कुत्तों पर सुप्रीम कोर्ट में फैसला सुरक्षित

**नई दिल्ली।** दिल्ली-एनसीआर में आवारा कुत्तों से संबंधित मामले में सुप्रीम कोर्ट में आज एक बार फिर सुनवाई हुई। कोर्ट की तीन सदस्यीय पीठ ने सुनवाई में केंद्र और कई एनजीओ की दलीलें सुनी और उसके बाद अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है। मामले में सुप्रीम कोर्ट ने इससे पहले 8 हफ्तों में दिल्ली की सड़कों से आवारा कुत्ते हटाने का निर्देश दिल्ली सरकार को दिया था।






# ठाणे सेंट्रल जेल की अधीक्षक और उनके पति को मिलेगा मेडल

**डीबीडी संवाददाता । ठाणे**

स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर केंद्र सरकार ने पुलिस विभाग में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों को सम्मानित करने के लिए पदकों की घोषणा की है। इस सूची में ठाणे सेंट्रल जेल की अधीक्षक रानी भोसले और उनके पति, अतिरिक्त अधीक्षक राजाराम भोसले का नाम भी शामिल है। दोनों को राष्ट्रपति पदक से सम्मानित किया जाएगा। यह सम्मान उनके जेल प्रशासन के कठिन और चुनौतीपूर्ण माहौल में वर्षों की निष्ठापूर्ण सेवा की पहचान है। गृह मंत्रालय के बयान के अनुसार, इस साल कुल 1,090 पुलिसकर्मियों को विभिन्न श्रेणियों में पदक दिए जा रहे हैं। इनमें 233 को मेडल फॉर गैलेंट्री, 99 को प्रेसिडेंट्स मेडल फॉर डिस्टिंग्विश्ड सर्विस और 758 को मेडल फॉर मेरिटोरियस सर्विस से नवाजा जा रहा है। रानी और राजाराम भोसले को एमएसएम श्रेणी में यह सम्मान मिला है।




**विभाग के आठ अधिकारी होंगे सम्मानित**

### जेल सेवा का चुनौतीपूर्ण काम

जेल प्रशासन का काम सिर्फ कैदियों की निगरानी तक सीमित नहीं होता, बल्कि उनकी सुरक्षा, सुधार और पुनर्वास की जिम्मेदारी भी इसी विभाग पर होती है। ऐसे में ठाणे सेंट्रल जेल के अधीक्षक दंपत्ति और अन्य अधिकारियों को मिला यह सम्मान उनके कठिन परिश्रम और समाज के प्रति समर्पण का बड़ा प्रमाण है। यह पदक न केवल व्यक्तिगत उपलब्धि है, बल्कि पूरे महाराष्ट्र के जेल विभाग के लिए गर्व का विषय है।

### जेल कांस्टेबल विद्या भारत धेंबरे भी शामिल

महाराष्ट्र के जेल विभाग से कुल आठ अधिकारियों और कर्मचारियों को इस वर्ष पुलिस पदक दिए जा रहे हैं। इनमें मुंबई सेंट्रल जेल के डिप्टी सुपरिंटेंडेंट गजानन काशीनाथ सरोड़े, मुंबई सेंट्रल जेल के सुबेदार संजय गंगाराम शिवगण, हवलदार सुधाकर ओंकार चव्हाण, बायकुला जिला जेल के कांस्टेबल राजेश माधवराव सावंत, बायकुला जिला जेल के कांस्टेबल संजय सदाशिव जाधव और कोल्हापुर सेंट्रल जेल की जेल कांस्टेबल विद्या भारत धेंबरे शामिल हैं।

### वरिष्ठ अधिकारी का बयान

अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (कारागार और सुधार सेवाएं) सुहास वर्के ने कहा कि यह सम्मान इन सभी अधिकारियों की ईमानदारी, कर्तव्यनिष्ठा और उत्कृष्ट कार्यशैली का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि इन पदक विजेताओं की सेवा भावना ने पूरे विभाग के लिए एक नया मानक स्थापित किया है।

# सोलापुर रेलवे स्टेशन पर स्वतंत्रता संग्राम की दुर्लभ तस्वीरों की प्रदर्शनी

- **15 अगस्त तक सुबह 10 से रात 9 बजे तक निःशुल्क खुला रहेगा प्रदर्शन**

**डीबीडी संवाददाता । सोलापुर**




हर घर तिरंगा, विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस और स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर मध्य रेल के सोलापुर मंडल ने केंद्रीय संचार ब्यूरो (सीबीसी) के सहयोग से सोलापुर रेलवे स्टेशन पर एक विशेष फोटो प्रदर्शनी का आयोजन किया है। यह प्रदर्शनी 15 अगस्त तक प्रतिदिन सुबह 10 बजे से रात 9 बजे तक निःशुल्क देखी जा सकती है।

दुर्लभ तस्वीरों और ऐतिहासिक दस्तावेज़ों के माध्यम से प्रदर्शनी में 1857 से 1947 तक के स्वतंत्रता संग्राम के प्रमुख मील के पत्थर को प्रदर्शित किया गया है। इसमें चंपारण और खेड़ा सत्याग्रह, असहयोग आंदोलन, बारडोली सत्याग्रह, चौरी चौरा कांड, काकोरी कांड, चटगाँव शस्त्रागार छापा, दांडी मार्च, भारत छोड़ो आंदोलन और विभाजन की घटनाओं के साथ सोलापुर के चार शहीदों की वीरगाथा भी शामिल है। प्रदर्शनी में राष्ट्रीय ध्वज के विकास की झलक, भारत-पाक विभाजन की तस्वीरें और एक सेल्फी बूथ भी लगाया गया है, ताकि आगंतुक इस ऐतिहासिक अवसर की स्मृति संजो सकें।

उद्घाटन अपर मंडल रेल प्रबंधक अंशुमाली कुमार और पुलिस अधीक्षक अतुल कुलकर्णी ने किया। इस अवसर पर रेलवे और प्रशासनिक अधिकारियों सहित पूर्व सैनिक और स्थानीय नागरिक भी उपस्थित रहे।

# स्वतंत्रता दिवस पर मांस की दुकानें बंद, सुरक्षा कड़ी

**डीबीडी संवाददाता । कल्याण**



कल्याण-डोंबिवली नगर निगम (केडीएमसी) ने स्वतंत्रता दिवस पर 24 घंटे के लिए सभी मांस की दुकानों और बूचड़खानों को बंद रखने का आदेश जारी किया है। कुछ राजनीतिक दलों और कसाई संघों ने इस फैसले का विरोध करते हुए प्रदर्शन की चेतावनी दी है। एहतियात के तौर पर इलाके में पुलिस बल बढ़ा दिया गया है और स्थिति पर कड़ी नजर रखी जा रही है। केडीएमसी आयुक्त अभिनव गोयल ने कहा कि यह आदेश नया नहीं है, बल्कि 1988 से लागू है और हर साल गांधी जयंती, महावीर जयंती, गणेश चतुर्थी, साधु वासवानी जयंती और पर्यूषण पर्व पर भी लागू होता है। इस मामले में सत्तारूढ़ भाजपा और सहयोगी राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के सुर अलग हैं। राकांपा नेता और उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने आदेश पर असहमति जताते हुए कहा कि भोजन पर इस तरह का प्रतिबंध गलत है, जबकि भाजपा ने 1988 के सरकारी आदेश का हवाला देकर इसे जायज़ ठहराया। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि सरकार लोगों के भोजन विकल्पों पर नियंत्रण नहीं चाहती और यह विवाद अनावश्यक है।

# नेता या विधायक के जाने से शिवसेना पर असर नहीं: सरदेसाई

**डीबीडी संवाददाता । मुंबई**



शिवसेना (उद्धव ठाकरे) के युवा सचिव और विधायक वरुण सरदेसाई ने नासिक दौरे के दौरान कहा कि अगर कोई नेता या विधायक पार्टी छोड़ता है, तो इसका शिवसेना पर कोई असर नहीं पड़ेगा। उन्होंने जोर देकर कहा कि पार्टी के संस्थापक बालासाहेब ठाकरे ने एक मजबूत संस्थान का निर्माण किया है, और जब तक मतदाताओं के दिलों में पार्टी के प्रति आस्था है, तब तक किसी भी बदलाव का असर नहीं होगा। विधायक सरदेसाई नासिक दौरे के दौरान उत्तर महाराष्ट्र के पदाधिकारियों की समीक्षा बैठक ले रहे थे। इस बैठक में संगठन के कामकाज, सामने आने वाली समस्याओं और आगामी चुनावों में भूमिका जैसी महत्वपूर्ण बातें चर्चा का हिस्सा रहीं।

### भविष्य की योजनाएँ और नियुक्तियाँ

उन्होंने पदाधिकारियों से आगामी नियुक्तियों और संगठन के विस्तार पर भी चर्चा की। सरदेसाई ने कहा कि भविष्य में संगठन को मजबूत करने के लिए कुछ नियुक्तियाँ आवश्यक हैं और इसे समय पर किया जाएगा।

# 4 साल की बच्ची की हत्या, रिश्तेदार दंपति गिरफ्तार

- **पिटाई के बाद शव गद्दे में लपेटकर सुनसान इलाके में फेंका**

**डीबीडी संवाददाता । रायगढ़**

ठाणे पुलिस ने एक साल पहले लापता हुई 4 वर्षीय बच्ची की हत्या के मामले में उसके दो रिश्तेदारों को गिरफ्तार किया है। रायगढ़ जिले के चिंचवली निवासी आरोपी दंपति ने बच्ची की देखभाल की जिम्मेदारी ली थी, लेकिन प्रताड़ना और मारपीट से उसकी जान ले ली। कल्याण जोन-3 के पुलिस उपायुक्त अतुल झेंडे ने बताया कि बच्ची के पिता जेल में बंद हैं। देखभाल के दौरान किसी बात पर गुस्से में प्रथमेश कांबरी ने बच्ची को पीट-पीटकर मार डाला। हत्या के बाद दंपति ने शव को बोरे में डालकर गद्दे में लपेटा और चिंचवाडी शिवरा के सुनसान इलाके में फेंक दिया।



### जांच में मिला सिर्फ खोपड़ी का हिस्सा

पुलिस को घटनास्थल से केवल बच्ची की खोपड़ी मिली है, जिसे फोरेंसिक जांच के लिए भेजा गया है। दोनों आरोपियों को अदालत के आदेश पर पुलिस हिरासत में भेजा गया है और सबूत जुटाने का काम जारी है।

# मुंबई फिल्म सिटी में कटेंगे 95 पेड़, सुप्रीम कोर्ट ने दी मंजूरी

**डीबीडी संवाददाता । मुंबई**



मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई और न्यायमूर्ति के. विनोद चंद्रन की पीठ ने बृहन्मुंबई नगर निगम की याचिका पर सुनवाई करते हुए गोरेगांव-मुलुंड लिंक रोड के पहले चरण में पेड़ों की कटाई को मंजूरी दी। बीएमसी ने बताया कि वृक्ष प्राधिकरण ने अदालत की अनुमति के अधीन अपनी स्वीकृति दे दी थी। मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण महत्वपूर्ण है, लेकिन बुनियादी ढांचे का विकास भी देश की प्रगति के लिए आवश्यक है। अदालत ने अंतर-पीढ़ीगत समता के सिद्धांत का हवाला देते हुए दोनों के बीच संतुलन पर जोर दिया।

### प्रतिपूरक वनीकरण और जियो-टैगिंग

बीएमसी ने आश्वासन दिया कि सभी नियमों का पालन किया जाएगा, जिसमें काटे गए पेड़ों के बदले नए पौधे लगाना और उनकी जियो-टैगिंग शामिल है। मुंबई के वन संरक्षक को छह सप्ताह में अब तक किए गए वनीकरण की विस्तृत रिपोर्ट देने के निर्देश दिए गए। जीएमएलआर परियोजना पश्चिमी और पूर्वी एक्सप्रेस राजमार्ग को जोड़ते हुए मुलुंड और गोरेगांव के बीच यात्रा समय लगभग एक घंटे घटाएगी। इसके तहत 6.2 किलोमीटर लंबी जुड़वां सुरंगों के लिए फिल्म सिटी और खिंडीपाड़ा में शाफ्ट का निर्माण किया जाएगा।

**भिवंडी डबल मर्डर केस**

# दोषियों पर कठोर कार्रवाई की जानी चाहिए

**डीबीडी संवाददाता । भिवंडी**



ठाणे ग्रामीण जिले के भिवंडी तालुका में भाजपा युवा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष प्रफुल्ल तांगड़ी (42) और उनके चचेरे भाई तेजस तांगड़ी (22) की धारदार हथियार से की गई बेरहमी से हत्या ने पूरे क्षेत्र को झकझोर दिया। यह घटना सोमवार रात खारबाव-चिंचोटी रोड स्थित खार्डी गांव में उनके व्यावसायिक कार्यालय 'जेडीटी इंटरप्राइजेस' के बाहर हुई। मौके पर प्रतिक्रिया देते हुए माजी केंद्रीय पंचायत राज राज्यमंत्री कपिल पाटील ने कहा कि भिवंडी तालुका में बढ़ते अपराधों की जड़ तक पुलिस को पहुंचना होगा और दोषियों पर कठोर कार्रवाई की जानी चाहिए। उन्होंने याद दिलाया कि वर्ष 2021 में महाविकास आघाड़ी सरकार के दौरान भी प्रफुल्ल तांगड़ी पर गोलीबारी हुई थी, लेकिन तब ठोस कार्रवाई नहीं हुई, जिससे इस तरह की घटना रोकी जा सकती थी। बुधवार को दिल्ली दौरे से लौटने के बाद कपिल पाटील ने तांगड़ी परिवार से मुलाकात कर संवेदना व्यक्त की और इसे बेहद दुर्भाग्यपूर्ण बताया। उन्होंने कहा, 'हमारा एक सच्चा और समर्पित कार्यकर्ता चला गया। मैंने मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से बात कर घटना की पूरी जानकारी दी है। पुलिस अपना काम कर रही है, इसलिए जांच को 8-10 दिन का समय देना चाहिए।'

### आरोपियों की तलाश और कार्रवाई

कपिल पाटील ने कहा कि सभी आरोपियों की तलाश जारी है और उम्मीद है कि जल्द ही उन्हें गिरफ्तार किया जाएगा। उन्होंने पुलिस उपमहानिरीक्षक और पुलिस अधीक्षक से भी शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की। उन्होंने आश्वासन दिया कि इस हत्याकांड में शामिल सभी आरोपी जल्द पकड़े जाएंगे और कठोर सजा पाएंगे।

### भिवंडी में सुरक्षा और न्याय की मांग

कपिल पाटील ने आगे कहा कि वे पीड़ित परिवार के साथ मुख्यमंत्री से मुलाकात कर भिवंडी और आसपास के क्षेत्रों में हो रही आपराधिक घटनाओं की गहराई से जांच कराने और असली गुनाहगारों को बेनकाब करने की मांग करेंगे। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी कीमत पर हत्यारों को बख्शा नहीं जाएगा।

# सड़क को नुकसान पहुंचाने पर ठेकेदार के खिलाफ मामला

- **165 मीटर सड़क खोदने से 47 लाख से अधिक का नुकसान, पुलिस जांच जारी**




**डीबीडी संवाददाता । उल्हासनगर**

महाराष्ट्र राज्य विद्युत वितरण कंपनी (MSEDC) द्वारा नियुक्त ठेकेदार नितीश सावंत पर सार्वजनिक सड़क को अवैध रूप से खोदने का आरोप है। परमिट नियमों की अनदेखी करते हुए उसने किटिकेयर अस्पताल से टाउन हॉल तक 165 मीटर लंबी सड़क खोद डाली। इस कार्य से लगभग 47,52,000 की सार्वजनिक संपत्ति का नुकसान हुआ। उल्हासनगर मनपा के बांधकाम अभियंता संदीप जाधव ने इस घटना की शिकायत 14 अगस्त को सेंट्रल पुलिस स्टेशन में दर्ज कराई। शिकायत के अनुसार यह घटना 12 अगस्त 2025 की रात करीब 9 बजे हुई थी।

### IPC की धारा 326(बी) के तहत केस

पुलिस ने नितीश सावंत के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 326(बी) के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

# स्वच्छता अभियान के तहत स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन

**डीबीडी संवाददाता । भुसावल**

मध्य रेलवे के भुसावल मंडल में 'स्वच्छता अभियान' के तहत स्वच्छता और स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाने के लिए एक स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया गया। इस पहल का उद्देश्य मंडल के स्वच्छता कर्मियों, खाद्य विक्रेताओं, रसोइयों और कैंटीन कर्मचारियों के स्वास्थ्य की जांच करना और स्वच्छता के महत्व को प्रोत्साहित करना था। शिविर का आयोजन मंडल के सभी रेल अस्पतालों में किया गया, जिसमें हाउसकीपिंग स्टाफ, सफाई कर्मचारी और ठेका कर्मियों ने उत्साह से भाग लिया। चिकित्सा विशेषज्ञों की टीम ने कर्मचारियों की विस्तृत जांच की और उनकी स्वास्थ्य समस्याओं पर सलाह दी।



### स्वच्छता और खाद्य सुरक्षा पर विशेष प्रशिक्षण

कार्यक्रम के दौरान डॉक्टरों ने कर्मचारियों को स्वच्छ जीवनशैली, साफ-सफाई की आदतें और निवारक उपाय अपनाने की जानकारी दी। खाद्य विक्रेताओं और रसोइयों को विशेष रूप से खाद्य सुरक्षा, स्वच्छता और व्यक्तिगत साफ-सफाई के बारे में प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

# बहुमंजिला इमारत के कैफे में आग

**डीबीडी संवाददाता । ठाणे**

**35 लोगों को सुरक्षित निकाला**



ठाणे शहर में एक बहुमंजिला आवासीय इमारत के भूतल पर स्थित 'पारसिक कैफे' में बृहस्पतिवार तड़के आग लग गई। इस घटना में इमारत में मौजूद 35 लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला गया। ठाणे नगर निगम के आपदा प्रबंधन प्रकोष्ठ के प्रमुख यासीन तडवी ने बताया कि आग की सूचना कैफे के मालिक ने तड़के 4:58 बजे दी। यह कैफे कलवा (पश्चिम) के खारेगांव में चंद्रभागा पार्क परिसर में 1,000 वर्ग फुट में फैला हुआ था। इमारत के अन्य 'विंग' में लोग रहते थे और आग लगने के समय वे सो रहे थे। तडवी ने बताया कि सभी निवासियों को अग्निशमन विभाग और आपदा प्रबंधन टीम की मदद से सुरक्षित बाहर निकाला गया। आग से कैफे में रखी मेज, कुर्सियां, फ्रिज, अलमारियां और अन्य रसोई सामग्री पूरी तरह नष्ट हो गई। दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और सुबह 6:25 बजे तक आग पर काबू पा लिया गया।

# उत्तर भारत की तीर्थयात्रा के लिए आईआरसीटीसी ने शुरू की देवभूमि यात्रा ट्रेन

**डीबीडी संवाददाता । मुंबई**

भारतीय रेलवे खानपान एवं पर्यटन निगम (आईआरसीटीसी) ने भारत गौरव पर्यटक ट्रेन के माध्यम से 'उत्तर भारत देवभूमि यात्रा' नामक विशेष आध्यात्मिक पर्यटन पैकेज की शुरुआत की है। यह यात्रा 4 अक्टूबर से 14 अक्टूबर तक चलेगी और उत्तर भारत के प्रमुख धार्मिक व सांस्कृतिक स्थलों की सैर कराएगी। रेल मंत्रालय के अंतर्गत नवरत्न सार्वजनिक उपक्रम आईआरसीटीसी, देश में सांस्कृतिक, विरासत और आध्यात्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए लगातार कार्य कर रहा है। यह पहल 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' और 'देखो अपना देश' अभियानों के अनुरूप है।



### प्रस्थान व चढ़ने/उतरने के स्टेशन

यात्रा की शुरुआत और समाप्ति कोल्हापुर से होगी। यात्री मिरज, सांगली, कराड, सतारा, पुणे, लोणावळा, कर्जत, कल्याण, वसई रोड, वापी, सूरत और वडोदरा से भी चढ़ने या उतरने का विकल्प चुन सकते हैं।

### यात्रा की मुख्य विशेषताएँ

4 अक्टूबर से 14 अक्टूबर तक 10 रातें/11 दिन की इस यात्रा में लगभग 5000 किलोमीटर की दूरी तय की जाएगी। प्रमुख तीर्थ स्थलों में हरिद्वार व ऋषिकेश (गंगा आरती और योग-ध्यान स्थलों का दर्शन), अमृतसर (स्वर्ण मंदिर व वाघा बॉर्डर का बीटिंग रिट्रीट समारोह), कटरा (माँ वैष्णो देवी के दर्शन), मथुरा व वृंदावन (श्रीकृष्ण जन्मभूमि और भक्ति स्थलों की यात्रा) तथा आगरा (विश्व प्रसिद्ध ताजमहल का भ्रमण) शामिल हैं।

### पैकेज में शामिल सुविधाएँ

इस टूर पैकेज में वातानुकूलित/गैर-वातानुकूलित होटलों में साझा आधार पर ठहराव, ट्रेन और बाहर दोनों स्थानों पर शाकाहारी भोजन, वातानुकूलित/गैर-वातानुकूलित वाहनों से स्थानांतरण व दर्शनीय स्थल भ्रमण, यात्रा बीमा, अनुभवी आईआरसीटीसी टूर मैनेजरों की सेवाएँ, ट्रेन में मॉडर्न किचन, सीसीटीवी निगरानी व सुरक्षा गार्ड की व्यवस्था, तथा पूरी यात्रा के दौरान स्वच्छता और सुरक्षा का विशेष ध्यान शामिल है।

### कोच श्रेणियाँ व किराया

इस यात्रा में आधुनिक एलएचबी कोच उपलब्ध होंगे, जो बेहतर सुरक्षा और आरामदायक सुविधाओं से सुसज्जित हैं। कुल क्षमता 750 यात्रियों की है। किराया इस प्रकार है: स्लीपर श्रेणी (इकोनॉमी) – 19,890, 3AC (स्टैंडर्ड क्लास) – 33,560 और 2AC (कंफर्ट क्लास) – 44,460।

# भाईंदर में युवा पुलिस कांस्टेबल ने की आत्महत्या

**डीबीडी संवाददाता । मीरा-भाईंदर**



भाईंदर पुलिस थाने में तैनात एक 24 वर्षीय पुलिस कांस्टेबल ने गुरुवार सुबह फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान रितिक चौहान के रूप में हुई है, जो 2023 की भर्ती प्रक्रिया में पुलिस दल में शामिल हुए थे। इस घटना से मीरा-भाईंदर वसई विरार पुलिस आयुक्तालय में सनसनी फैल गई। रितिक मूल रूप से नासिक जिले के सिन्नर गांव के रहने वाले थे और भाईंदर पश्चिम के बेकरी गली स्थित किराए के मकान में मां के साथ रहते थे। दो दिन पहले उनकी मां किसी काम से गांव गई थीं। गुरुवार सुबह उनके फांसी लगाने की सूचना पुलिस को मिली। सूचना पाकर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए पंडित भीमसेन जोशी अस्पताल भेजा। वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक जितेंद्र कांबले के अनुसार, आत्महत्या के कारणों की जांच की जा रही है।

# नकली नोट छापने वाला ठग गिरोह बेनकाब

## चार आरोपी गिरफ्तार भारी मात्रा में नोट बरामद

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

मुंबई क्राइम ब्रांच की यूनिट-6 ने एक ऐसे ठग गिरोह का पर्दाफाश किया है, जो लोगों को असली नोटों के बदले तीन गुना नकली नोट देने का लालच देकर ठगी करता था। यह कार्रवाई विक्रोली बस डिपो के सामने उस समय की गई, जब आरोपी सौदेबाजी के लिए पहुंचे थे। मालाड के रहने वाले पुरुषोत्तम जाधव ने इस संबंध में शिकायत दर्ज कराई थी। दरअसल, पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि कुछ लोग एक लाख रुपए के असली नोट लेकर तीन लाख रुपए के असली जैसे दिखने वाले नकली नोट देने वाले हैं। सूचना मिलने के बाद क्राइम ब्रांच यूनिट-6 ने योजना बनाकर जाल बिछाया और मौके पर पहुंचे चारों आरोपियों को रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया।

### नोटों पर 'भारतीय बच्चों का बैंक' लिखा है



आरोपियों की पहचान मोहम्मद मोसिन अबु बिलाल चौधरी, मोहम्मद नफीज अब्दुल रऊफ खान उर्फ जावेद, सईद तबारक हुसैन सिद्दीकी उर्फ सईद बंटाय और मंजर इबने इस्माइल सोंडे के रूप में हुई। छापेमारी के दौरान पुलिस ने 100 रुपए के 200 नकली नोट बरामद किए है। इन नोटों पर 'भारतीय बच्चों का बैंक' लिखा है। इसके अलावा, एक वैगनआर कार, छह मोबाइल फोन और नकद रुपए समेत कुल 6,35,725 रुपए का माल जब्त किया।

### आरोपियों पर गंभीर अपराधों के कई मामले दर्ज

जांच के दौरान यह सामने आया कि इन आरोपियों के खिलाफ मुंबई के बीकेसी, दिंडोशी, पनवेल और रायगढ़ पुलिस थानों में पहले से ही ठगी, धोखाधड़ी और गंभीर अपराधों के कई मामले दर्ज हैं। गिरफ्तारी के बाद चारों आरोपियों को कोर्ट में पेश किया गया, जहां अदालत ने उन्हें 18 अगस्त तक पुलिस कस्टडी में भेजने का आदेश दिया। पुलिस मामले की आगे की जांच कर रही है, ताकि यह पता लगाया जा सके कि गिरोह के अन्य सदस्य और इस ठगी के नेटवर्क में कौन-कौन शामिल हैं। इससे पहले, महाराष्ट्र के अहिल्यानगर नगर पुलिस ने 1 अगस्त को बड़ी कार्रवाई करते हुए नकली नोटों की फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया था। इस दौरान पुलिस ने 60 लाख रुपए के नकली नोट जब्त करते हुए 7 लोगों को हिरासत में लिया था।

# एलटीटी पर पार्सल खेप से 6 लाख के तंबाकू उत्पाद जब्त



डीबीडी संवाददाता | मुंबई

मध्य रेल के सतर्कता दल ने रेलवे पार्सल बुकिंग प्रणाली के जरिए प्रतिबंधित तंबाकू उत्पादों के अवैध परिवहन का पर्दाफाश किया। गुप्त सूचना व निरंतर निगरानी के बाद, 13 अगस्त 2025 को ट्रेन संख्या 11056 गोंडा–एलटीटी गोदान एक्सप्रेस से आने वाले पार्सल खेपों का लक्षित निरीक्षण किया गया।

### ट्रेन पहुंचते ही की गई तलाशी

सतर्कता दल और आरपीएफ कर्मी ट्रेन के आगमन से पहले लोकमान्य तिलक टर्मिनस (एलटीटी) पर मौजूद थे। ट्रेन पहुंचते ही गोंडा से एलटीटी के लिए बुक किए गए एक खेप की जांच की गई।

### 564 किलो तंबाकू उत्पाद बरामद

मुख्य पार्सल पर्यवेक्षक और आरपीएफ की मौजूदगी में 564 किलो वजन वाले 10 पैकेट खोले गए, जिनमें सुगंधित चबाने वाला तंबाकू, पान मसाला और अन्य प्रतिबंधित तंबाकू उत्पाद मिले। इनकी कीमत लगभग 6 लाख रुपये आंकी गई। पूरा माल जब्त कर आरपीएफ के सुपुर्द कर दिया गया।

# 2019 से पहले पंजीकृत वाहनों को राहत

## पुराने वाहनों पर एचएसआरपी लगाने की समय सीमा बढ़ी




डीबीडी संवाददाता | मुंबई

महाराष्ट्र परिवहन विभाग ने एक अप्रैल 2019 से पहले पंजीकृत वाहनों पर उच्च सुरक्षा पंजीकरण प्लेट (HSRP) लगाने की समय सीमा बढ़ाकर नवंबर के अंत तक कर दी है। यह चौथी बार है जब सरकार ने पुराने वाहनों के लिए समय सीमा आगे बढ़ाई है।

### पहले भी कई बार बढ़ी डेडलाइन

शुरुआत में यह समय सीमा मार्च 2024 तय थी, जिसे पहले अप्रैल अंत, फिर जून अंत और उसके बाद 15 अगस्त तक बढ़ाया गया था। अब इसे फिर बढ़ाकर नवंबर अंत कर दिया गया है।

### आरटीओ को सख्त निर्देश

राज्य परिवहन आयुक्त विवेक भीमनवार द्वारा जारी परिपत्र में सभी आरटीओ को निर्देश दिए गए हैं कि HSRP न होने पर वाहन के स्वामित्व हस्तांतरण, पते में बदलाव, गिरवी रखने या छुड़ाने जैसे कार्यों पर रोक लगाई जाए।
परिपत्र के अनुसार, उड़न दस्तों द्वारा जब्त किए गए वाहन तब तक नहीं छोड़े जाएंगे जब तक उन पर HSRP नहीं लग जाती। साथ ही, बिना HSRP वाहनों का पुनः पंजीकरण, परिवर्तन और परमिट नवीनीकरण भी रोका जाएगा। निर्धारित तिथि के बाद बिना नंबर प्लेट या बिना अपॉइंटमेंट वाले वाहनों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई है।

# पत्नी और प्रेमी ने मिलकर की मेकअप आर्टिस्ट की हत्या

डीबीडी संवाददाता | मुंबई




फिल्म उद्योग में मेकअप आर्टिस्ट के रूप में काम करने वाले 40 वर्षीय भरत अहिरे की मुंबई के गोरेगांव पूर्व में पत्नी और उसके प्रेमी ने मिलकर बेरहमी से पिटाई की, जिससे उनकी मौत हो गई। पुलिस ने पत्नी और एक आरोपी को गिरफ्तार किया है, जबकि तीसरे आरोपी की तलाश जारी है।

### शुरुआत में दुर्घटना का दावा

19 जुलाई को आरे कॉलोनी पुलिस को सूचना मिली कि अहिरे मोटरसाइकिल दुर्घटना में घायल होकर मलाड के एक अस्पताल में भर्ती हैं। प्रारंभिक पूछताछ में उन्होंने भी यही बताया। लेकिन जांच में खुलासा हुआ कि 12 जुलाई को पत्नी राजश्री की मौजूदगी में दो लोगों ने उनकी पिटाई की थी। पुलिस ने जब अहिरे की दो बेटियों से बात की तो उन्होंने आरे कॉलोनी में पिता की बेरहमी से पिटाई की घटना की पुष्टि की।

### विवाहेतर संबंध बना हत्या की वजह

जांच में पता चला कि राजश्री का मोहल्ले के ही चंद्रशेखर पड्याची से विवाहेतर संबंध था, जिसको लेकर दंपति में अक्सर विवाद होता था। पति से छुटकारा पाने के लिए राजश्री ने पड्याची और उसके साथी रंगा के साथ साजिश रची। 12 जुलाई को पड्याची और रंगा ने राजश्री की मौजूदगी में अहिरे की पिटाई की। भीड़ जुटने पर आरोपी फरार हो गए। राजश्री उन्हें अस्पताल ले जाने के बजाय घर ले आई। हालत बिगड़ने पर बेटियों ने रिश्तेदार को बुलाया, जिसके बाद उन्हें अस्पताल ले जाया गया। इलाज के दौरान 5 अगस्त को अहिरे की मौत हो गई। इसके बाद पुलिस ने राजश्री, पड्याची और रंगा के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया। बुधवार को राजश्री और एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया, जबकि तीसरे की तलाश जारी है।

# बांग्लादेशियों को मतदान अधिकार पर मिलिंद देवड़ा ने जताई चिंता

डीबीडी संवाददाता | मुंबई



शिवसेना सांसद मिलिंद देवड़ा ने गुरुवार को आरोप लगाया कि मुंबई में कई बांग्लादेशी नागरिक, भारतीय नागरिक न होने के बावजूद, मतदान का अधिकार रखते हैं। उन्होंने ऐसे मामलों में तत्काल कार्रवाई की मांग की। 'पीटीआई वीडियो' से बातचीत में देवड़ा ने निर्वाचन आयोग द्वारा बिहार में मतदाता सूची के सत्यापन अभियान का स्वागत किया। हालांकि, कांग्रेस के नेतृत्व में विपक्ष ने इस प्रक्रिया पर सवाल उठाते हुए आरोप लगाया है कि इसका उद्देश्य विधानसभा चुनाव से पहले मतदाताओं को मताधिकार से वंचित करना है। विपक्ष ने इसे 'वोट चोरी' करार दिया है।

### निर्वाचन आयोग की प्रक्रिया पर समर्थन

देवड़ा ने कहा कि जहां तक प्रक्रिया का सवाल है, जिसके बारे में विपक्ष बात कर रहा है, निर्वाचन आयोग मतदाता सूची की जांच कर रहा है और हम इसका स्वागत करते हैं।
शिवसेना सांसद ने विपक्षी दलों की आलोचना करते हुए कहा कि उनकी अपनी पार्टियों में लोकतंत्र का अभाव है। उन्होंने तंज कसा, "जिनकी अपनी पार्टी में लोकतंत्र नहीं है, वे देश में लोकतंत्र कैसे मजबूत करेंगे?" देवड़ा ने कहा, "पहले विपक्ष ईवीएम को दोष देता था, फिर मीडिया को, और अब मतदाता सूची को। कल वे किसी और को दोष देंगे। यह सिर्फ जनता का ध्यान भटकाने का बहाना है।"

# विशेष जन सुरक्षा विधेयक अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता कुचलेगा : शरद पवार

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एसपी) अध्यक्ष शरद पवार ने कहा कि महाराष्ट्र विशेष जन सुरक्षा विधेयक लोगों की अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को खत्म कर देगा। वह इस विधेयक के विरोध में आयोजित एक सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। यह विधेयक हाल ही में महाराष्ट्र विधानमंडल के मानसून सत्र में दोनों सदनों से पारित हुआ है।



### उद्धव ठाकरे का रुख

इस मौके पर शिवसेना (उद्धव ठाकरे) प्रमुख उद्धव ठाकरे ने कहा कि विधेयक में राजद्रोह का कोई उल्लेख नहीं है। उन्होंने कहा कि अगर इसमें ऐसा कोई प्रावधान होता, तो उनकी पार्टी इसका समर्थन करती।

### विधानसभा में विरोध कमजोर, परिषद में उठाया मुद्दा

पवार ने माना कि जब भाजपा नीत सरकार ने पिछले महीने यह विधेयक विधानसभा में पेश किया, तो उसका प्रभावी विरोध नहीं हो सका, लेकिन विधान परिषद में आवश्यक कदम उठाए गए। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने आरोप लगाया कि ''प्रतिगामी ताकतें न्यायपालिका में घुसपैठ कर रही हैं'' और यह चिंता का विषय है।

**पश्चिम रेलवे**

**FOPIDS की आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण और कमीशनिंग**

वरिष्ठ मंडल सिग्नल एवं दूरसंचार इंजीनियर (उत्तर), द्वितीय तल, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, मुंबई सेंट्रल, मुंबई-400008, दिनांक 12/08/2025 को **ई-निविदा संख्याः SG-216-2-134-WA आमंत्रित करते हैं। कार्य और स्थानः** मुंबई मंडल (पश्चिम रेलवे) में सुरक्षा और निगरानी के लिए लॉगिंग, अलार्म सुविधाओं और सीसीटीवी के साथ RPF/S&T नियंत्रण को दूरस्थ निगरानी फीड के साथ दूरस्थ मानवरहित S&T प्रतिष्ठानों के लिए फाइबर ऑप्टिक्स परिधि घुसपैठ पहचान प्रणाली (FOPIDS) की आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण और कमीशनिंग। **कार्य की लागतः** 5,50,07,544.70, **ब्याज राशिः** 4,25,000/-, **ई-निविदा दस्तावेज़ जमा करने की अंतिम तिथि और समयः** 04.09.2025, 15:00 बजे तक। **ई-निविदा खोलने की तिथि और समयः** 04.09.2025 को 15:30 बजे। निविदा वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखी जा सकती है। 0492

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

**पश्चिम रेलवे**

**नाश्ते की आपूर्ति**

मुख्य वाणिज्य प्रबंधक (खानपान), पश्चिम रेलवे, चर्चगेट, मुंबई **ई-निविदा सूचना संख्याः E-367208 D आमंत्रित करते हैं। कार्य का नामः** चर्चगेट स्थित विभागीय खानपान इकाई को फास्ट फूड स्नैक्स की आपूर्ति। कार्य पूर्ण होने की अवधिः एक (1) वर्ष। **कार्य की अनुमानित लागतः** 28,23,307.50,**ई-बोली ऑनलाइन जमा करने की अंतिम तिथि और समयः** 01.09.2025 को सुबह 11:00 बजे। अधिक जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देखें या निविदा प्रक्रिया के लिए 022-67622510/22592 पर संपर्क करें। 0490

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

**पश्चिम रेलवे**

**निर्माण कार्य**

मंडल रेल प्रबंधक (पश्चिम रेलवे), पश्चिम रेलवे, छठी मंजिल, इंजीनियरिंग विभाग, मुंबई सेंट्रल, मुंबई - 400 008, सूचना संख्याः BCT/25-26/180 दिनांक 11/08/2025 की ई-निविदा आमंत्रित करते हैं। कार्य और स्थानः चर्नी रोडः चर्नी रोड स्टेशन पर ईएल बिल्डिंग का निर्माण (संयुक्त निविदा)। लगभग। कार्य की लागतः 1,53,61,950.34, अग्रिम राशिः2,26,800/- जमा करने की तिथि और समयः 04.09.2025, 15:00 बजे तक। खोलने की तिथि और समयः 04.09.2025 को 15:30 बजे। अधिक जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट देखें। www.ireps.gov.in 0487

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

# पीएम मुद्रा योजना के नाम पर 33 लाख की ठगी




**मुंबई।** मालाड इलाके में एक स्थानीय व्यवसायी से साइबर ठगों ने प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के तहत लोन दिलाने का झांसा देकर करीब 33 लाख रुपए की ठगी कर ली। आरोपियों में नितिन कुमार, अश्विन कुमार और दयाशंकर मिश्रा शामिल हैं, जिनके खिलाफ मुंबई पुलिस के नॉर्थ रीजनल साइबर सेल ने धोखाधड़ी और आईटी एक्ट की धाराओं में मामला दर्ज किया है।

### व्यवसाय बढ़ाने के लिए लेना चाहते थे लोन

शिकायतकर्ता इमिटेशन ज्वेलरी पैकेजिंग का कारोबार करते हैं और जून 2025 में उन्होंने 10 लाख रुपए का लोन लेने के लिए एक मोबाइल ऐप के जरिए आवेदन किया। इसके बाद नितिन कुमार नाम के व्यक्ति ने खुद को प्रधानमंत्री मुद्रा योजना कार्यालय का कर्मचारी बताते हुए व्हाट्सऐप पर 'एप्रूवल लेटर' भेजा और प्रोसेसिंग फीस के नाम पर रकम मांगनी शुरू कर दी।

### बैंक कर्मचारी बनकर दूसरा आरोपी भी जुड़ा

इसी दौरान अश्विन कुमार नाम के एक अन्य व्यक्ति ने खुद को स्टेट बैंक का कर्मचारी बताते हुए पहचान पत्र भेजा और तुरंत भुगतान करने का दबाव बनाया। शिकायतकर्ता ने कई खातों में करीब 9.53 लाख रुपए ट्रांसफर किए, जबकि उनके दोस्तों ने सीधे आरोपियों के खातों में 46,251 रुपए भेजे। इसके बावजूद लोन की राशि न मिलने पर जब शिकायतकर्ता ने एक खाते के मालिक से संपर्क किया, तो वह दयाशंकर मिश्रा निकला, जिसने खुद को वित्त कंपनी का कर्मचारी बताया और प्रोसेसिंग फीस के नाम पर 18.73 लाख रुपए और वसूल लिए। धोखाधड़ी का एहसास होने पर पीड़ित ने पुलिस से संपर्क किया। फिलहाल पुलिस उन बैंक खातों की जांच कर रही है जिनमें ठगी की रकम जमा हुई थी और आरोपियों की तलाश तेज कर दी गई है।

**बृहन्मुंबई महानगरपालिका**

(एसडब्ल्यूएम विभाग- ई.ई. परिवहन पूर्व.उप.)
ईई/ट्र./ईएस/4897/एसडब्ल्यूएम दिनांक 14.08.2025

**ई-निविदा सूचना**

| | |
|---|---|
| बोली संख्या | बोली संख्याः 2025_एमसीजीएम_1209676_1 दिनांक-14.08.2025 |
| संगठन का नाम | बृहन्मुंबई महानगरपालिका |
| विषय | मुलुंड गैराज के अशोक लेलैंड 1920 बीएस VI वाहनों के विभिन्न स्पेयर पार्ट्स की आपूर्ति हेतु वार्षिक दर अनुबंध। इंजीनियर (ट्रेन) ईएस |
| जांच शुल्क | 3630/- (लागू जीएसटी सहित) |
| बोली सुरक्षा जमा/ईएमडी | 40,000/- |
| निविदा जारी करने और बिक्री की तिथि | दिनांक-18.08.2025, सुबह 11:00 बजे से |
| निविदा बिक्री और बोली सुरक्षा जमा प्राप्त करने की अंतिम तिथि और समय | दिनांक-25.08.2025, सुबह 11:00 बजे तक |
| पैकेट A, B और पैकेट C (ऑनलाइन) जमा करने की अंतिम तिथि | दिनांक-25.08.2025, दोपहर 1:00 बजे तक |
| पैकेट A और B का उद्घाटन | दिनांक-26.08.2025, दोपहर 1:00 बजे के बाद |
| पैकेट C का उद्घाटन | दिनांक-28.08.2025, दोपहर 1:00 बजे के बाद 15:00 बजे |
| बोली-पूर्व बैठक | लागू नहीं |
| संचार हेतु पता | कार्यपालक अभियंता (परिवहन) पूर्वी उपनगर का कार्यालय, प्रथम तल, पंतनगर गैराज भवन, पंतनगर बस डिपो के पीछे, घाटकोपर, मुंबई 400075 |
| बोली खोलने का स्थान | पूर्व इंजीनियर (प्रशिक्षण) ई.एस. कार्यालय में ऑनलाइन |

अधिक जानकारी के लिए, https://mahatenders.gov.in पर लॉग ऑन करें

हस्ता/-
कार्यकारी अभियंता
(प्रशिक्षण) ई.एस.

पीआरओ/ 1296 /विज्ञा./2025-26

समय पर उपचार, बचाएं प्राण।

**GOVERNMENT OF MAHARASHTRA**
**PUBLIC WORKS DEPARTMENT**
**E- TENDER NOTICE NO. 35 FOR 2025-2026**

Online E- Tenders in B-1 Form For the Following Work are invited by the Executive Engineer, Presidency Division, PWD, 2nd floor Bandhakam Bhavan, 25 Murzban Road, Fort, Mumbai-400 001 (Tel. No-22016975/22016977) from Majoor Sahakari Sanstha in appropriate class of the Public Works Department. Right to reject/accept of all or one tender is reserved by the undersigned.

| Sr No | Name Of Work | Amt. |
|---|---|---|
| 1 | Annual Maintenance of Old Secretariat Main Building, Mumbai. (Repairs to doors and window/ carpenter material, Repairs to sanitary and water supply fittings/plumbing materials, painting & plastering materials, Misc. materials etc.) | 34.00 |
| 2 | High Court Annex Bldg. Structural Repairs and water proofing tratement in High Court Annex Building at High Court, Mumbai. | 15.12 |
| 3 | Providing and supplying furniture at various office at various floor and washing and cleaning passage flooring of dome bldg., & Engaging labour to clean, surrounding area and removing debries at NCH at Mumbai. | 20.20 |
| 4 | Annual Maintaince of repairs to Chief Magistrate Court Building, PWD seva kendra, staff Godown. | 31.55 |
| 5 | Annual Maintenance of Old Secretriat Annex Building, Mumbai. (Repairs to doors and window/Carpenter material, repairs to sanitary and water supply fittings/plumbing materials, painting and plastering materials, Misc.materials etc.) | 11.31 |
| 6 | Renovation of door and window ground to 2nd floor in Institue of Science College Bldg, Mumbai. | 31.25 |

Issue Date :- 18.8.2025 To 25.8.2025
Opening Date :- 26.8.2025
All the corrigendum/Changes pertain to notice will not published in newspapers that will published in E-tendering process.
All the detail Information is available on following websites
1) www.mahapwd.com
2) www.mahatenders.gov.in
**No.PD/TC/ 8683**
Office of the Executive Engineer, Presidency Division, P.W.D., 2nd floor, Bandhakam Bhavan, 25, Murzban Road, Presidency Division, Mumbai.
Fort, Mumbai 400 001
Email: presidency.ee@mahapwd.gov.in
Date: 12/8/2025

Sign/-
(V. A. Pataskar)
Executive Engineer
Presidency Division Mumbai.

DGIPR-2025-26/2143

संपादकीय

## स्वतंत्रता दिवस: महत्व व जिम्मेदारियां

15 अगस्त 1947 को हमारा देश ब्रिटिश शासन से मुक्त हुआ और भारत ने स्वतंत्र राष्ट्र के रूप में अपनी पहचान बनाई। यह दिन केवल एक तिथि नहीं, बल्कि करोड़ों भारतीयों के बलिदान, संघर्ष और सपनों का प्रतीक है। हर वर्ष यह दिन हमें याद दिलाता है कि स्वतंत्रता सहज नहीं मिली, बल्कि इसके लिए असंख्य स्वतंत्रता सेनानियों ने अपने प्राण न्यौछावर किए। 1857 की क्रांति से लेकर असहयोग आंदोलन, नमक सत्याग्रह, भारत छोड़ो आंदोलन तक, हमारे देश ने आज़ादी पाने के लिए लंबा संघर्ष किया। महात्मा गांधी, भगत सिंह, चंद्रशेखर आज़ाद, नेताजी सुभाष चंद्र बोस, सरदार पटेल और अनगिनत वीरों के त्याग ने हमें 15 अगस्त 1947 का ऐतिहासिक सूर्योदय दिखाया। 2025 में हम अपनी आज़ादी के 78 वर्ष पूरे कर रहे हैं। आज भारत विज्ञान, तकनीक, अंतरिक्ष, खेल और अर्थव्यवस्था के क्षेत्र में नई ऊँचाइयाँ छू रहा है। चंद्रयान-3 और गगनयान जैसी अंतरिक्ष परियोजनाएं, डिजिटल इंडिया, स्टार्टअप इंडिया जैसी पहलें देश को नए युग की ओर ले जा रही हैं। वहीं जी-20 की मेज़बानी, वैश्विक मंच पर भारत की बढ़ती प्रतिष्ठा का प्रमाण है। इस दिन देशभर में ध्वजारोहण, परेड, सांस्कृतिक कार्यक्रम और देशभक्ति गीतों की गूंज रहती है। लाल किले से प्रधानमंत्री राष्ट्र को संबोधित करते हैं, जिसमें बीते वर्ष की उपलब्धियों और आने वाले समय की योजनाओं का उल्लेख होता है। स्कूल, कॉलेज, सरकारी व गैर-सरकारी संस्थाओं में भी स्वतंत्रता दिवस पूरे जोश और देशप्रेम के साथ मनाया जाता है। स्वतंत्रता केवल अधिकारों का नाम नहीं, यह कर्तव्यों का भी आह्वान है। हमें सामाजिक एकता, पर्यावरण संरक्षण, भ्रष्टाचार मुक्त शासन और शिक्षा के प्रसार के लिए योगदान देना चाहिए।

हमें यह भी याद रखना होगा कि स्वतंत्रता तभी सार्थक है जब समाज के हर व्यक्ति को समान अवसर, न्याय और सम्मान मिले। 78 वर्षों की इस यात्रा में हमने बहुत कुछ हासिल किया है, लेकिन चुनौतियाँ भी शेष हैं—गरीबी, बेरोजगारी, प्रदूषण और सामाजिक असमानता। 15 अगस्त 2025 पर हमें यह संकल्प लेना चाहिए कि हम अपने देश को विकसित, समृद्ध और विश्व में अग्रणी बनाने के लिए पूरी ईमानदारी और निष्ठा से प्रयास करेंगे। 15 अगस्त हमें केवल अतीत की गौरवगाथा सुनाने के लिए नहीं, बल्कि भविष्य की दिशा तय करने के लिए प्रेरित करता है। यह दिन हमें अपने देश के प्रति गर्व, कृतज्ञता और जिम्मेदारी का भाव जगाता है। स्वतंत्रता की रक्षा और राष्ट्र की प्रगति के लिए हर नागरिक का सक्रिय योगदान आवश्यक है। यही सच्ची श्रद्धांजलि होगी उन वीरों के लिए जिन्होंने हमारे लिए यह अमूल्य आज़ादी अर्जित की।

# जिम्मेदारी है आज़ादी



सुनील कुमार

हिन्दुस्तान की आजादी की सालगिरह मनाने के लिए कल से चारों तरफ लाउडस्पीकर बज रहे हैं, और तरह-तरह के देशभक्ति के गाने बजाए जा रहे हैं। इन सबको सुनकर एक बार फिर ध्यान जाता है कि देश और दुनिया जा किधर रहे हैं, पहुंचे कहां तक हैं, और पूरी बर्बादी में वक्त कितना बाकी है। आजादी की सालगिरह है तो हिन्दुस्तान की, लेकिन इस देश के साथ-साथ बाकी दुनिया का हाल भी गहराई से जुड़ा हुआ है, इसलिए बाकी दुनिया को देखे बिना हिन्दुस्तान के हाल, या बदहाल का अंदाज लगाना कुछ मुश्किल है। अमरीका जिस खूंखार अंदाज में टैरिफ लगा चुका है, उससे भारत से वहां जाने वाला सामान बहुत बुरी तरह मार खा सकता है। आने वाले दिनों में यह कम या ज्यादा जो भी हो, भारत से निर्यात करने वाले लोगों का भरोसा और ढांचा दोनों ही चूर-चूर हो चुके हैं। भारत के अलग-अलग हिस्सों से खबरें आ रही हैं कि अमरीका जाने वाले सामान के निर्यात के ऑर्डर किस तरह कम हो रहे हैं, और चीजों का प्रोडक्शन कम होने से किस तरह के कारखाने पहले बंद होंगे, किनका रोजगार पहले जाएगा।

एक तरफ तो यह आर्थिक अस्थिरता और अनिश्चितता बनी हुई है, दूसरी तरफ जुर्म की अलग-अलग खबरें बताती हैं कि किस तरह भारत के कई हिस्सों में कुटीर उद्योग की तरह साइबर क्राईम पनप रहा है, और जवानों से लेकर रिटायर्ड बूढ़ों तक को मोटी कमाई का झांसा देकर, या ब्लैकमेल करके उनके बैंक अकाऊंट खाली करवा दिए जा रहे हैं। आज अगर देश में हर दिन दसियों हजार लोग इस तरह के झांसे में फंस रहे हैं, अपना सब कुछ गंवा बैठ रहे हैं, तो यह समाज की सुरक्षा व्यवस्था चौपट हो रही है, और दूसरी तरफ मुजरिम आत्मविश्वास से भर रहे हैं, मोटी कमाई से ताकतवर हो रहे हैं। फिर मानो यह भी काफी न हो, इस हिसाब से आज ऑनलाईन सट्टेबाजी ऐसे धड़ल्ले से चल रही है कि केन्द्र और राज्य सरकारों के सारे कानून मिलकर भी उसे नहीं रोक पा रहे हैं। देश के लोगों की मेहनत की कमाई इस ऑनलाईन सट्टेबाजी के रास्ते देश के बाहर निकल जा रही है, और अर्थव्यवस्था से हर तरह के जुर्म की कमाई बाहर-बाहर रहती है।

एक दूसरी खबर आज की नशे के कारोबार को लेकर है। कुछ बरस पहले उड़ता पंजाब नाम से नशे से समाज की जो बर्बादी फिल्म और चर्चा में सामने आई थी, आज देश भर में नशा फैल चुका है, और हम अपने आसपास नशे की हालत में किए जा रहे कत्ल देख रहे हैं, नशे का कारोबार देख रहे हैं। जब पुलिस की पकड़ में बड़े सीमित साधनों में भी एक-एक शहर में करोड़ों का नशे का कारोबार आ रहा है, नौजवान पीढ़ी के बीच शराब से परे भी तरह-तरह का नशा दिख रहा है, वह हिंसा में बदलते भी दिख रहा है, तो आने वाले दिन तो खराब ही रहेंगे। ऐसे जुर्म के धंधे की कमाई इतनी मोटी रहती है, और भारत में इन पर रोक लगाने के जिम्मेदार सरकारी विभाग इस कदर भ्रष्ट हैं कि इन दोनों को मिलाकर देखें, तो नशे के कारोबार को कोई रोक नहीं सकते। दूसरी तरफ नौजवान पीढ़ी का एक हिस्सा बेरोजगारी की निराशा में, तो दूसरा हिस्सा अतिसंपन्नता में अलग-अलग किस्म के नशे में डूब रहे हैं, और तरह-तरह के हादसे सामने आ रहे हैं।

अब इन दिनों छाई हुई एक और खबर को देखें कि मोबाइल फोन पर पोर्नो देख-देखकर नाबालिग लडक़े नाबालिग लड़कियों और बहुत छोटी बच्चियों से भी रेप कर रहे हैं, वीडियो बना रहे हैं, उसे फैला रहे हैं, या ब्लैकमेल कर रहे हैं। दूसरी तरफ मोबाइल फोन के इस्तेमाल को लेकर दीवानगी ऐसी छा गई है कि बच्चों से लेकर अधेड़ लोगों तक, जिसे मोबाइल का बेजा इस्तेमाल करने से रोका जाए, वे खुदकुशी पर उतारू हो जा रहे हैं। इससे परे भी कल की ही छत्तीसगढ़ की बलौदाबाजार जिले की खबर है जिसमें एक नाबालिग स्कूली छात्रा ने मोबाइल फोन के बहुत अधिक इस्तेमाल से रोकने वाले अपने दादा को कुल्हाड़ी से काट-काटकर मार डाला, और इसके बाद वह स्कूल भी चली गई। इससे बड़ी पारिवारिक हिंसा और भला क्या हो सकती है? आज हर दिन दर्जनों ऐसी खबरें आती हैं जिनमें पति, पत्नी, और प्रेमी या प्रेमिका के बीच के किसी त्रिकोण में दो लोग मिलकर तीसरे को मार डाल रहे हैं। जिस समाज में जुर्म और हिंसा बड़े पैमाने पर होने लगे हैं, वह समाज किस बुरी तरह प्रभावित होता है, इसका अंदाज लगाना अधिक मुश्किल नहीं है।

भारत की आजादी की सालगिरह पर आज जब इस देश से जुड़े हुए बहुत से मुद्दों को देखते हैं, तो लगता है कि दिक्कतें और खतरे इस बरस शायद पहले के मुकाबले बड़े अधिक पैमाने पर छाए हुए हैं। भारत के पड़ोसी देश पाकिस्तान, और इधर दूसरी तरफ बांग्लादेश में जिस तरह हिन्दुओं के साथ हिंसा हो रही है, और भारत के बहुत से हिस्सों में जिस तरह मुस्लिम और ईसाई अल्पसंख्यकों से हिंसा हो रही है, उन्हें देखकर लगता है कि भारत और आसपास के तमाम देशों में धर्म के आधार पर तरह-तरह की हिंसा हो रही है, और धर्म ने एक सार्वजनिक-विकराल रूप ले लिया है, और वह हिंसा को बढ़ाते चल रहा है। अब दुनिया चूंकि एक वैश्विक गांव है, और यहां की तमाम बातें एक-दूसरे से जुड़ी हुई हैं, इसलिए ट्रम्प का अमरीका, पुतिन का रूस, और शी का चीन, ये सब आपस में, और भारत जैसे देश के साथ या तो टकरा रहे हैं, या जुड़ रहे हैं। यह सब बड़ा बदलाव पता नहीं कहां ले जाने वाला है। इतना तो तय है कि ट्रम्प की नीतियों से इस देश में जितनी बेरोजगारी आ रही है, वह दसियों हजार नौकरियों के जाने की किस्तों में आईटी सेक्टर में सामने आई है, लाखों भारतीय छात्र और कामगार अब अमरीका नहीं जा सकते, कनाडा से रिश्ते खटाई में पड़े हुए हैं, और पाकिस्तान के साथ तनातनी अभूतपूर्व बढ़ी हुई है। इनमें से हर दिक्कत और खतरे के दाम देश को अर्थव्यवस्था की शक्ल में भी चुकाने पड़ते हैं।

भारत की आजादी की सालगिरह के मौके पर तीन रंगों और देशभक्ति के गानों के साथ-साथ ऐसी कड़वी हकीकत पर भी एक नजर डालना चाहिए कि क्या आज के सारे खतरों को अनदेखा करते हुए सिर्फ जश्न और जलसे मनाना काफी है, जिम्मेदारी की बात है?

जीवन मंत्र

## व्यवहार में संतुलन-संयम बड़ी साधना से ही आता है

संतुलन-संयम की साधना हमें सामाजिक जीवन में भी सफल बनाती है। दूसरों के विचारों को सुनना, मतभेद के समय भी शांति बनाए रखना, और किसी भी विवाद को बिना अनावश्यक टकराव के सुलझाना – ये सब उसी साधना के परिणाम हैं।

व्यवहार में संतुलन और संयम रखना कोई साधारण बात नहीं है। यह एक ऐसी कला है, जो धीरे-धीरे अभ्यास, धैर्य और आत्म-नियंत्रण से विकसित होती है। जब हम जीवन में हर परिस्थिति में संयम बनाए रखने की क्षमता विकसित कर लेते हैं, तो हमारा व्यवहार न केवल स्थिर और शांत रहता है, बल्कि हम दूसरों पर भी सकारात्मक प्रभाव डालते हैं। यह संतुलन केवल बाहरी आचरण तक सीमित नहीं होता, बल्कि हमारे विचारों, भावनाओं और प्रतिक्रियाओं में भी झलकता है।

संतुलन और संयम की साधना में सबसे पहले आत्म-जागरूकता आवश्यक है। जब तक हम यह नहीं समझते कि हमारे भीतर किस परिस्थिति में कैसी भावनाएँ उठती हैं, तब तक उन पर नियंत्रण पाना कठिन होता है। क्रोध, ईर्ष्या, लोभ, या उत्साह – हर भावना का अपना स्थान है, लेकिन यदि हम उनके वश में हो जाते हैं, तो व्यवहार में असंतुलन आ जाता है। नियमित आत्म-चिंतन और ध्यान जैसी विधियाँ हमें अपनी मानसिक स्थिति को देखने और समझने में मदद करती हैं, जिससे



धीरे-धीरे संयम का विकास होता है।

संयम का अर्थ केवल भावनाओं को दबाना नहीं है, बल्कि उन्हें उचित दिशा देना है। उदाहरण के लिए, क्रोध को रचनात्मक ऊर्जा में बदलना, या चिंता को समाधान खोजने की प्रेरणा बनाना। इसके लिए धैर्य और समय की आवश्यकता होती है। जीवन में आने वाली कठिन परिस्थितियों में जब हम जल्दबाज़ी से प्रतिक्रिया देने के बजाय ठहरकर सोचते हैं, तो हमारा निर्णय अधिक विवेकपूर्ण होता है। यही प्रक्रिया हमें धीरे-धीरे आंतरिक स्थिरता और संतुलित व्यवहार की ओर ले जाती है।

संतुलन-संयम की साधना हमें सामाजिक जीवन में भी सफल बनाती है। दूसरों के विचारों को सुनना, मतभेद के समय भी शांति बनाए रखना, और किसी भी विवाद को बिना अनावश्यक टकराव के सुलझाना – ये सब उसी साधना के परिणाम हैं। ऐसा व्यक्ति दूसरों के लिए भरोसेमंद और सम्मानित बनता है, क्योंकि उसका व्यवहार परिस्थिति के अनुसार बदलता है, लेकिन मूल रूप से स्थिर और शांत रहता है।

अंततः, व्यवहार में संतुलन-संयम एक दिन में नहीं आता; यह जीवनभर चलने वाली एक साधना है। जैसे साधु वर्षों तपस्या करके आंतरिक शांति प्राप्त करता है, वैसे ही साधारण व्यक्ति भी निरंतर अभ्यास, धैर्य और सजगता से इस गुण को विकसित कर सकता है। यह केवल हमारे व्यक्तिगत जीवन को सुखी नहीं बनाता, बल्कि हमारे आसपास के वातावरण को भी शांत, सामंजस्यपूर्ण और सकारात्मक बनाता है।

शख्सियत | श्री अरबिंदो

## भारतीय योगी, महर्षि और राष्ट्रवादी



श्री अरबिंदो (जन्म : 15 अगस्त 1872 - 5 दिसंबर 1950) एक भारतीय योगी, महर्षि और भारतीय राष्ट्रवादी थे। उन्होंने बंदे मातरम अखबार का संपादन भी किया। अरबिंदो ने इंग्लैंड के कैम्ब्रिज में किंग्स कॉलेज में भारतीय सिविल सेवा की पढ़ाई की। भारत लौटने के बाद, उन्होंने बड़ौदा रियासत के महाराजा के अधीन विभिन्न सिविल सेवा कार्य किए।

उन्हें अपने संगठन से जुड़े कई बम विस्फोटों के बाद एक सार्वजनिक मुकदमे में गिरफ्तार किया गया, जहाँ उन्हें अलीपुर षडयंत्र के लिए राजद्रोह के आरोपों का सामना करना पड़ा और फिर रिहा कर दिया गया। इसके बाद वे पांडिचेरी चले गए और एक आध्यात्मिक अभ्यास विकसित किया जिसे उन्होंने इंटीग्रल योग कहा। उन्होंने द लाइफ डिवाइन लिखा, जो इंटीग्रल योग के दार्शनिक पहलू से संबंधित है, और सिंथेसिस ऑफ योगा, जो इंटीग्रल योग के सिद्धांतों और विधियों से संबंधित है।

अरबिंदो घोष का जन्म कलकत्ता (अब कोलकाता), बंगाल प्रेसीडेंसी, भारत में 15 अगस्त 1872 को एक बंगाली कायस्थ परिवार में हुआ था, जो वर्तमान पश्चिम बंगाल के हुगली जिले के कोन्नगर शहर से जुड़ा था। उनके पिता, कृष्ण धुन घोष, रंगपुर में एक सहायक सर्जन और बाद में खुलना में एक सिविल सर्जन थे। ब्रह्मो समाज के पूर्व सदस्य, एडिनबर्ग में चिकित्सा की पढ़ाई के दौरान वे विकास के नए सिद्धांत से मोहित हो गए। उनकी मां स्वर्णलता देवी के पिता, राजनारायण बोस, ब्रह्मो समाज में एक प्रमुख व्यक्ति थे। उन्हें अरबिंदो के जन्म के लिए कलकत्ता के अधिक स्वास्थ्यप्रद परिवेश में भेजा गया था। अरबिंदो के दो बड़े भाई-बहन थे, बिनोयभूषण और मनमोहन, एक छोटी बहन, सरोजिनी और एक छोटा भाई, बरिंद्र कुमार (जिसे बारिन भी कहा जाता है)।

अरबिंदो अंग्रेज़ी बोलते थे, लेकिन नौकरों से बातचीत के लिए हिंदुस्तानी भाषा का इस्तेमाल करते थे। हालाँकि उनका परिवार बंगाली था, उनके पिता ब्रिटिश संस्कृति को श्रेष्ठ मानते थे। उन्हें और उनके दो बड़े भाई-बहनों को दार्जिलिंग के अंग्रेज़ी-भाषी लोरेटो हाउस बोर्डिंग स्कूल में भेजा गया था, कुछ हद तक उनके भाषा कौशल को बेहतर बनाने के लिए और कुछ हद तक उन्हें उनकी माँ से दूर रखने के लिए, जिन्हें अपने पहले बच्चे के जन्म के तुरंत बाद मानसिक बीमारी हो गई थी। दार्जिलिंग भारत में एंग्लो-इंडियन लोगों का केंद्र था, और स्कूल का संचालन आयरिश ननों द्वारा किया जाता था, जिनके माध्यम से लड़कों को ईसाई धार्मिक शिक्षाओं और प्रतीकों से परिचित कराया जाता था।

श्री अरबिंदो की इंटीग्रल योग प्रणाली की अवधारणा उनकी पुस्तकों द सिंथेसिस ऑफ योगा और द लाइफ डिवाइन में वर्णित है। द लाइफ डिवाइन आर्य में धारावाहिक रूप से प्रकाशित निबंधों का संकलन है। श्री अरबिंदो का तर्क है कि दिव्य ब्रह्म लीला या दिव्य क्रीड़ा के माध्यम से अनुभवजन्य वास्तविकता के रूप में प्रकट होता है। यह मानने के बजाय कि हम जिस संसार का अनुभव करते हैं वह एक भ्रम (माया) है, अरबिंदो तर्क देते हैं कि संसार विकसित हो सकता है और नई प्रजातियों के साथ एक नया संसार बन सकता है, मानव प्रजाति से कहीं ऊपर, ठीक उसी तरह जैसे मानव प्रजातियाँ पशु प्रजातियों के बाद विकसित हुई हैं। इस प्रकार, उन्होंने तर्क दिया कि आध्यात्मिक साधना का अंतिम लक्ष्य केवल संसार से समाधि में मुक्ति ही नहीं हो सकता, बल्कि ईश्वर का संसार में अवतरण भी हो सकता है ताकि इसे एक दिव्य अस्तित्व में रूपांतरित किया जा सके। यही एकात्म योग का उद्देश्य बना। चेतना के पदार्थ में अंतर्वलन के संबंध में, उन्होंने लिखा किः पुरुष का यह अवतरण, दिव्य आत्मा का स्वयं को शक्ति और पदार्थ के अधीन करना ताकि वह उन्हें सूचित और प्रकाशित कर सके, इस निश्चेतना और अज्ञान के संसार के उद्धार का बीज है।

श्री अरबिंदो का 5 दिसंबर 1950 को यूरीमिया से निधन हो गया। लगभग 60,000 लोग उनके पार्थिव शरीर को शांतिपूर्वक देखने के लिए उपस्थित हुए। भारतीय प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू और राष्ट्रपति राजेंद्र प्रसाद ने योग दर्शन और स्वतंत्रता आंदोलन में उनके योगदान के लिए उनकी प्रशंसा की। राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय समाचार पत्रों ने उनकी मृत्यु पर शोक व्यक्त किया।

प्रियंका शाह

जीवन ऊर्जा | वाल्टर स्कॉटः जन्म- 15 अगस्त, 1771 | जन्म

## स्वयं ही शिक्षा का असली आधार

सर वाल्टर स्कॉट, प्रथम बैरोनेट (15 अगस्त 1771 - 21 सितंबर 1832), एक स्कॉटिश उपन्यासकार, कवि और इतिहासकार थे। उनकी कई रचनाएँ यूरोपीय और स्कॉटिश साहित्य की क्लासिक कृतियों में गिनी जाती हैं। उनके प्रमुख उपन्यासों में इवानहो (1819), रॉब रॉय (1817), वेवरली (1814), ओल्ड मॉर्टैलिटी (1816), द हार्ट ऑफ़ मिड-लोथियन (1818) और द ब्राइड ऑफ़ लैमरमूर (1819) शामिल हैं। इसके अलावा, उन्होंने मार्मियन (1808) और द लेडी ऑफ़ द लेक (1810) जैसी प्रसिद्ध कथात्मक कविताएँ भी लिखीं।

जीवन में जो भी लोग किसी विशेष क्षेत्र में योग्य और सफल बने हैं, उनकी इस उपलब्धि का सबसे बड़ा कारण उनकी अपनी मेहनत, लगन और आत्म-अध्ययन रहा है। बाहरी मार्गदर्शन, शिक्षक या संसाधन सहायक हो सकते हैं, लेकिन वास्तविक सीख तभी होती है जब व्यक्ति खुद जिज्ञासु बनकर ज्ञान प्राप्त करने में सक्रिय रहता है। शिक्षा का सार केवल पुस्तकों और कक्षाओं में नहीं, बल्कि व्यक्ति की निरंतर सीखने की इच्छा और प्रयास में निहित होता है।



स्वयं से शिक्षा लेने का अर्थ है—समझने, खोजने और प्रयोग करने का साहस रखना। इतिहास में कई महान व्यक्तियों ने सीमित साधनों के बावजूद केवल अपने प्रयासों से असाधारण ज्ञान और कौशल अर्जित किया। उनकी सफलता इस बात का प्रमाण है कि शिक्षा का सबसे मजबूत स्तंभ आत्म-प्रेरणा है। चाहे विषय कितना भी कठिन क्यों न हो, जब व्यक्ति स्वयं अध्ययन और अभ्यास में मन लगाता है, तो वह धीरे-धीरे उस क्षेत्र में निपुण हो जाता है।

स्वाध्याय की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि यह व्यक्ति को स्वतंत्र सोच और समस्याओं के समाधान की क्षमता देता है। जब हम अपने प्रश्नों के उत्तर खुद ढूंढते हैं, तो हमारी समझ गहरी और स्थायी हो जाती है। इस प्रक्रिया में हम न केवल विषय का ज्ञान प्राप्त करते हैं, बल्कि आत्म-अनुशासन, धैर्य और समय प्रबंधन जैसे गुण भी विकसित करते हैं। ये गुण जीवन के हर क्षेत्र में सफलता के लिए आवश्यक होते हैं।

सर्वसिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ बिजाना शाजापुर मध्य प्रदेश



## जामवन्त जी आज भी जिंदा हैं,उनके जीवन का रहस्य जानिए

(भाग 3)

सत्राजित ने यह मणि अपने देवघर में रखी थी। वहां से वह मणि पहनकर उनका भाई प्रसेनजित आखेट के लिए चला गया। जंगल में उसे और उसके घोड़े को एक सिंह ने मार दिया और मणि अपने पास रखी ली।सिंह के पास मणि देखकर जाम्बवंतजी ने सिंह को मारकर मणि उससे ले ली और उस मणि को लेकर वे अपनी गुफा में चले गए,जहां उन्होंने इसको खिलौने के रूप में अपने पुत्र को दे दी।इधर सत्राजित ने श्रीकृष्ण पर आरोप लगा दिया कि यह मणि उन्होंने चुराई है।



पंडित कैलाशचंद्र शर्मा
वैदिक सनातन संस्कृति के प्रचारक व सर्व सिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ के संस्थापक।
मो। नं। 9425980556

तब श्रीकृष्ण को यह मणि हासिल करने के लिए जाम्बवंतजी से युद्ध करना पड़ा।बाद में जाम्बवंत जब युद्ध में हारने लगे तब उन्होंने अपने प्रभु श्रीराम को पुकारा और उनकी पुकार सुनकर श्रीकृष्ण को अपने रामस्वरूप में आना पड़ा। तब जाम्बवंत ने समर्पण कर अपनी भूल स्वीकारी और उन्होंने मणि भी दी और श्रीकृष्ण से निवेदन किया कि आप मेरी पुत्री जाम्बवती से विवाह करें।

जाम्बवती-कृष्ण के संयोग से महाप्रतापी पुत्र का जन्म हुआ जिसका नाम साम्ब रखा गया। इस साम्ब के कारण ही कृष्ण कुल का नाश हो गया था। श्रीकृष्ण ने कहा कि कोई ब्रह्मचारी और संयमी व्यक्ति ही इस मणि को धरोहर के रूप में रखने का अधिकारी है अतः श्रीकृष्ण ने वह मणि अक्रूरजी को दे दी। उन्होंने कहा कि अक्रूर, इसे तुम ही अपने पास रखो। तुम जैसे पूर्ण संयमी के पास रहने में ही इस दिव्य मणि की शोभा है। श्रीकृष्ण की विनम्रता देखकर अक्रूर नतमस्तक हो उठे।

छठा रहस्य,यहां युद्ध हुआ था श्रीकृष्ण से : - गुजरात के पोरबंदर



से 17 किलोमीटर दूर राजकोट-पोरबंदर मार्ग पर एक गुफा पाई गई है जिसे जामवन्त की गुफा कहा जाता है।माना जाता है कि यह वही स्थान है जहां भगवान कृष्ण और जामवन्त के बीच युद्ध हुआ था। माना जाता है कि इस गुफा में दो सुरंग हैं।पहली सुरंग जानाघर जो जाती है और दूसरी द्वारिका के लिए।

सातवां रहस्य,जामथुन नगरी माना जाता है कि जामथुन नामक नगरी जामवन्त ने बसाई थी। यह प्राचीन नगरी मध्यप्रदेश के रतलाम जिले में उत्तर-पूर्व में स्थित है। यहां एक गुफा मिली है जो जामवन्त का निवास स्थान माना जाता है।

बरेली की गुफाः - उत्तर प्रदेश के बरेली के पास जामगढ़ में भी एक प्राचीन गुफा है। माना जाता है कि जामवन्तजी यहां हजारों वर्ष रहे थे। बरेली से लगभग सोलह किलोमीटर दूर विंध्याचल की पहाड़ी पर पुराकाल से ही गणेश-जामवन्त की प्रतिमा स्थापित हैं,जिनके बारे में मान्यता है कि जामवन्तजी द्वारा स्थापित यह प्रतिमा प्रतिवर्ष एक तिल के बराबर बढ़ती जा रही है।

आठवां रहस्य जामवन्त तपोगुफा जम्मू और कश्मीर के जम्मू नगर के पूर्वी छोर पर एक गुफा मंदिर बना हुआ है जिसे जामवन्त की तपोस्थली माना जाता है। इस गुफा में कई ऋषियों ने ज़्ह तपस्या की है इसलिए इसका नाम 'पीर खोह्' भी कहा जाता है। डोगरी भाषा में खोह् का अर्थ गुफा होता है।पीर खोह् तक पहुंचने के लिए श्रद्धालु मुहल्ला पीर मिट्ठा के रास्ते गुफा तक जाते हैं। मंदरि की दीवारों पर देवी-देवताओं के मनमोहक चित्र उकेरे गए हैं। आंगन में शवि मंदरि के सामने पीर पूर्णनाथ और पीर सधियिा की समाधिंया हैं। जामवन्त गुफा के साथ एक साधना कक्ष का निर्माण किया है जो तवी नदी के तट पर स्थित है। यह मंदिर भगवान शिव को समर्पित है।

अपने विचार

1947 में भारत और पाकिस्तान का बंटवारा अप्राकृतिक था और एक दिन हमरा भारत अखंड बनकर रहेगा। आज का दिन हमें इसलिए याद रहता है कि इसी दिन 1947 में भारत दो भागों में बंट गया था। एक दिन हमारा देश अखंड होगा और हम एक होंगे।



-नितिन गडकरी, केंद्रीय मंत्री, भारत सरकार

ये (चुनाव आयोग) रोज प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहते हैं कि राजनीतिक दलों ने कोई शिकायत नहीं की। झूठ बोलने में तो चुनाव आयोग ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भी पीछे छोड़ दिया है। ये तो चुनाव आयोग का अजूबा है। ऐसा हमने कभी कहीं नहीं देखा है।



-तेजस्वी यादव, नेता, आरजेडी

शकुनी और दुर्योधन के पुत्रों को सबक सिखाने का वक्त आ गया है। अब चीरहरण नहीं होगा। मैं मर्यादा की सीमा से बंधा जरूर हूं, लेकिन जिस भाषा में समझोगे, उसी भाषा में हम समझाएंगे।



-विजय सिन्हा,डिप्टी सीएम, बिहार

1 करोड़ से अधिक प्रवासियों को अपने दस्तावेजों को कम समय में अपलोड करना तार्किक नहीं है। साथ ही मॉनसून सीजन में बिहार के कई जिले बाढ़ से प्रभावित हैं। लोगों के घर डूबे हुए हैं तो उस समय एसआईआर कराना चुनाव आयोग की गलत योजना को दर्शाता है।



-मनोज झा, नेता, आरजेडी

अपने विचार
डीबीडी कार्यालय
ग्राउंड फ्लोर, ऑफिस नं. 2, के.के. चैम्बर्स, पुरुषोत्तमदास ठाकरदास रोड, फोर्ट, मुंबई- 400001
indiagroundreport@gmail.com
भेज सकते हैं।

यह अखबार "माध्यम कार्पोरेट सर्विसेज लि." के लिए प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक अरुण लाल द्वारा ग्राउंड फ्लोर, ऑफिस नं. 2, के. के. चैम्बर्स, पुरुषोत्तमदास ठाकरदास रोड, फोर्ट, मुंबई- 400001 से प्रकाशित एवं सोमानी प्रिंटिंग प्रेस, गाला नं. 4, एन.के.इंडस्ट्रियल इस्टेट, इनसाइड प्रवासी इंडिस्ट्रयल इस्टेट गेट नं. 2, गोरेगांव पू., मुंबई-63 से मुद्रित. फोन नं. 022-66555719 ईमेल : indiagroundreport@gmail.com कार्यकारी संपादक : अमित बृज (पी.आर.बी. अधिनियम के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए ज़िमेदार).

## ब्रीफ न्यूज़

### उल्हासनगर में भव्य तिरंगा रैली, देशभक्ति के रंग में रंगा शहर



उल्हासनगरः शहर विधायक कुमार आयलानी के कार्यालय से शुरू होकर गोल मैदान, नेहरू चौक होते हुए वापस विधायक कार्यालय तक भव्य तिरंगा रैली निकाली गई। इस मौके पर शहर का वातावरण देशभक्ति के नारों और तिरंगे के रंगों से गुलजार रहा। रैली में स्कूल के विद्यार्थी और शिक्षक, भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ता, सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधि तथा नागरिक बड़ी संख्या में शामिल हुए। इस तिरंगा यात्रा में आमदार कुमार आयलानी, भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश वधरिया, जमनू पुरसवानी, महेश सुखरामनी, राजू जग्यासी, दीपक छतलानी, राम चार्ली पारवानी, अमित वाधवा, संजय सिंग चाचा, प्रशांत पाटील, डॉ. एस.बी. सिंग, अर्चना करणकाळे, किशोर वनवारी, राकेश पाठक, हरेश भाटीया, मंगला चांडा, लता पगारे, जवाहर धमेजा, उमेश सोनार, उमेश पंडित समेत विभिन्न योगा केंद्रों के सदस्य, व्यापारी, स्कूल और कॉलेज के विद्यार्थी, शिक्षक तथा भाजपा के पदाधिकारी और कार्यकर्ता बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

### ठाणे नगर निगम में 'घरोघर तिरंगा' के तहत देशभक्ति कार्यक्रम



ठाणे। 79वें स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में ठाणे नगर निगम ने 'घरोघर तिरंगा' पहल के तहत स्वर्गीय नरेंद्र बल्लाल सभागार में देशभक्ति गीत, नृत्य और साइकिल रैली जैसे विविध कार्यक्रम आयोजित किए। सुबह 6:30 बजे ठाणे के साइकिल महापौर चिराग शाह ने नगर निगम भवन से राम गणेश गडकरी रंगायतन तक साइकिल रैली का शुभारंभ किया। बड़ी संख्या में साइकिल चालकों ने तिरंगा हाथ में लेकर और 'वंदे मातरम' के नारों के साथ इसमें भाग लिया। ठाणे नगर निगम के स्कूलों के छात्रों ने देशभक्ति गीत और नृत्य प्रस्तुत किए। मीनताई ठाकरे नर्सिंग ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट की लिंटा मुंगेकर, संगीता धुरी, शीतल जाधव, कंचन नाइक, अश्विनी गावस ने समूह गीत पेश किया। राजीव गांधी मेडिकल कॉलेज के सिद्धि मालीवाल और साहिल देसाई ने गीत प्रस्तुत किए, जबकि मोहिनी जयसवाल, मीना चौधरी, अचल प्रजापति, पूर्णिमा अंभोरे, आशा राठौड़, सपना वेलिंगकर, डॉ. भाग्यश्री तांबे, डॉ. संगीता बोरसे और जिद्द स्कूल के कर्मचारियों ने 'तेरी मिट्टी में मिल जावां' गीत पर नृत्य किया। कार्यक्रम में सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी रवींद्र मांजरेकर, उप सूचना जनसंपर्क अधिकारी प्राची डिंगणकर सहित सूचना एवं जनसंपर्क विभाग और खेल विभाग के कर्मचारी मौजूद रहे।

### पश्चिम रेलवे द्वारा बांद्रा टर्मिनस एवं जयपुर के बीच स्पेशल ट्रेन

मुंबई। पश्चिम रेलवे द्वारा यात्रियों की सुविधा तथा त्योहारी सीज़न के दौरान उनकी यात्रा मांग को पूरा करने के उद्देश्य से बांद्रा टर्मिनस एवं जयपुर के बीच विशेष किराए पर एक स्पेशल ट्रेन चलाई जाएगी। पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी विनीत अभिषेक द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, ट्रेन संख्या 09726 बांद्रा टर्मिनस-जयपुर स्पेशल सोमवार, 18 अगस्त, 2025 को बांद्रा टर्मिनस से 09:30 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन 06:45 बजे जयपुर पहुँचेगी। इसी प्रकार, ट्रेन संख्या 09725 जयपुर- बांद्रा टर्मिनस स्पेशल रविवार, 17 अगस्त, 2025 को जयपुर से 08:10 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन 04:55 बजे बांद्रा टर्मिनस पहुँचेगी। यह ट्रेन दोनों दिशाओं में बोरीवली, वापी, सूरत, भरूच, वडोदरा, रतलाम, मंदसौर, नीमच, चित्तौड़गढ़, भीलवाड़ा, मंडल, बिजयनगर, नसीराबाद, अजमेर और किशनगढ़ स्टेशनों पर रुकेगी।

# ठाणे में बनाए जाएंगे छत्रपति संभाजी महाराज और जिजाऊ के स्मारक

**▸▸ मुख्यमंत्री ने मंजूरी दी, खालिद का शिवाजी फ़िल्म पर प्रतिबंध की मांग पर जताई सहमति**

डीबीडी संवाददाता | ठाणे

माजीवाड़ा में राष्ट्रीय ध्वज के नीचे छत्रपति संभाजी महाराज का स्मारक और घोड़बंदर के जीजामाता उद्यान में जिजाऊ स्मारक बनाने की योजना को मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने मंजूरी दे दी है। मुख्यमंत्री ने सकल मराठा समाज के प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन दिया कि इसके लिए ठाणे मनपा आयुक्त को आवश्यक निर्देश दिए जाएंगे।



### सकल मराठा समाज की मांगें और प्रतिक्रिया

सकल मराठा समाज के समन्वयक रमेश आम्ब्रे, महेंद्र पाटिल, अंकुश कदम और अन्य प्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री से मुलाकात की। इस दौरान समाज की कई मांगों पर मुख्यमंत्री ने सकारात्मक प्रतिक्रिया दी। इनमें फिल्म खालिद का शिवाजी फ़िल्म के चित्रण को लेकर लगाए गए विरोध प्रदर्शन के बाद एक महीने के प्रतिबंध को स्थायी बनाने की मांग भी शामिल थी। मुख्यमंत्री ने इस पर सहमति जताई और समाज द्वारा न्यायालय में दायर याचिका में सहयोग करने की

### अन्य परियोजनाओं का आदेश

मुख्यमंत्री ने माजीवाड़ा में मनपा द्वारा स्थापित भव्य तिरंगा झंडे के नीचे छत्रपति संभाजी महाराज का स्मारक बनाने और घोड़बंदर स्थित जीजामाता उद्यान में जिजाऊ स्मारक निर्माण की सभी आवश्यक अनुमति देने का आश्वासन दिया। साथ ही उन्होंने धीमी गति से चल रहे मराठा भवन के निर्माण में तेजी लाने के निर्देश भी संबंधित अधिकारियों को दिए।

## जिला परिषद में तिरंगा सम्मान समारोह

डीबीडी संवाददाता | ठाणे



आज़ादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर जिला परिषद में 'हर घर तिरंगा' अभियान के तहत 2 से 15 अगस्त 2025 तक विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसी श्रृंखला के अंतर्गत 14 अगस्त को मुख्य कार्यकारी अधिकारी रोहन घुगे के मार्गदर्शन में तिरंगा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह के दौरान अधिकारियों और कर्मचारियों ने शपथ ली कि वे अपने घरों में तिरंगा झंडा फहराएंगे, स्वतंत्रता सेनानियों और वीर शहीदों के बलिदान का सम्मान करेंगे और भारत के विकास व प्रगति के लिए स्वयं को समर्पित करेंगे। कार्यक्रम में अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी अजिंक्य पवार, उप मुख्य कार्यकारी अधिकारी (ग्राम पंचायत) प्रमोद काले, उप मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सामान्य प्रशासन) अविनाश फड़तारे, जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. गंगाधर पारगे, समाज कल्याण विभागाध्यक्ष उज्ज्वला सपकाले, जिला मातृ एवं शिशु कल्याण अधिकारी डॉ. स्वाति पाटिल, डॉ. कीर्ति डोईफोडे समेत सभी विभागों के अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे।

## कल्याण-कसारा तीसरी लाइन कार्य के लिए थानसित स्टेशन पर विशेष ब्लॉक

**▸▸ 16-17 अगस्त की मध्यरात्रि को इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग कार्य, कई ट्रेनें प्रभावित**

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

मध्य रेल द्वारा कल्याण-कसारा तीसरी लाइन प्रोजेक्ट के तहत थानसित स्टेशन पर इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग प्रणाली को चालू करने के लिए 16/17 अगस्त 2025 (शनिवार/रविवार मध्यरात्रि) को विशेष विद्युत एवं यातायात ब्लॉक लागू किया जाएगा। यह ब्लॉक 00:30 बजे से 05:15 बजे तक संचालित रहेगा।

### अप ट्रेनों का रेग्युलेशन



अप दिशा में कुछ ट्रेनों का रेग्युलेशन किया गया है, जिसमें 12106 गोंदिया-सीएसएमटी विदर्भ एक्सप्रेस को 40 मिनट, 17058 लिंगमपल्ली-सीएसएमटी देवगिरी एक्सप्रेस को 15 मिनट, 12618 हज़रत निज़ामुद्दीन-एर्नाकुलम मंगला लक्षद्वीप एक्सप्रेस को 15-20 मिनट और 12138 फिरोजपुर-सीएसएमटी पंजाब मेल को 15-20 मिनट की देरी के साथ चलाया जाएगा।

### उपनगरीय सेवाओं पर असर

16 अगस्त को 22:47 और 17 अगस्त को 00:08 बजे सीएसएमटी-कसारा लोकल, तथा 17 अगस्त को 03:51 और 04:59 बजे कसारा-सीएसएमटी लोकल निर्धारित समय से विलंबित रहेंगी।

### मेल/एक्सप्रेस ट्रेनें रहेंगी विलंबित

ब्लॉक के दौरान कई मेल और एक्सप्रेस ट्रेनें विलंब से चलेंगी, जिनमें डाउन दिशा में 12141 एलटीटी-पाटलिपुत्र एक्सप्रेस, 11057 सीएसएमटी-अमृतसर एक्सप्रेस, 12811 एलटीटी-हटिया एक्सप्रेस, 22177 सीएसएमटी-वाराणसी महानगरी एक्सप्रेस और 22538 एलटीटी-गोरखपुर कुशीनगर एक्सप्रेस शामिल हैं, जबकि अप दिशा में 18030 शालीमार-एलटीटी एक्सप्रेस, 12810 हावड़ा-सीएसएमटी मेल, 20104 आजमगढ़-एलटीटी सुपरफास्ट एक्सप्रेस, 11002 बल्लारशाह-सीएसएमटी नंदीग्राम एक्सप्रेस, 12152 शालीमार-एलटीटी समरसता एक्सप्रेस और 12112 अमरावती-सीएसएमटी सुपरफास्ट एक्सप्रेस प्रभावित होंगी।

## चुनाव को लेकर राज्य चुनाव आयोग की समीक्षा बैठक

डीबीडी संवाददाता | ठाणे

जिला परिषद, नगर पंचायत और मनपा के आगामी आम चुनावों की पृष्ठभूमि में राज्य चुनाव आयोग की ओर से कोंकण संभाग में व्यापक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता राज्य चुनाव आयुक्त दिनेश वाघमारे ने की।



### मनपा और जिलाधिकारी भी शामिल

इस अवसर पर ठाणे मनपा आयुक्त सौरभ राव, नवी मुंबई मनपा आयुक्त डॉ. कैलाश शिंदे, पनवेल मनपा आयुक्त मंगेश चितले, कल्याण-डोंबिवली मनपा आयुक्त अभिनव गोयल, वसई-विरार मनपा आयुक्त एम.एम. सूर्यवंशी, मीरा-भायंदर मनपा आयुक्त राधाबिनोद शर्मा, उल्हासनगर मनपा आयुक्त मनीषा आव्हाले, भिवंडी-निजामपुर मनपा आयुक्त अनमोल सागर मौजूद थे।

### वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति

बैठक में राज्य चुनाव आयोग के सचिव सुरेश काकानी, कोंकण संभागीय आयुक्त डॉ. विजय सूर्यवंशी, विशेष कार्यकारी अधिकारी अन. गो. जाधव सहित कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

### जिलों के शीर्ष प्रशासनिक अधिकारी भी उपस्थित

ठाणे जिलाधिकारी डॉ. श्रीकृष्णनाथ पांचाल, रायगढ़ जिलाधिकारी किशन जावले, पालघर जिलाधिकारी इंदुरानी जाखड़, रत्नागिरी जिलाधिकारी एम. देवेंद्र सिंह और सिंधुदुर्ग जिलाधिकारी अनिल पाटिल ने भी बैठक में भाग लिया।

## बोरीवली एवं गोरेगांव स्टेशनों के बीच रविवार को जम्बो ब्लॉक

**मुंबई।** ट्रैक, सिगनलिंग और ओवरहेड उपस्करों के रखरखाव हेतु रविवार, 17 अगस्त, 2025 को बोरीवली एवं गोरेगांव स्टेशनों के बीच अप और डाउन फ़ास्ट लाइनों पर 10.00 बजे से 15.00 बजे तक पाँच घंटे का जम्बो ब्लॉक लिया जाएगा। पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी विनीत अभिषेक द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार ब्लॉक अवधि के दौरान अप एवं डाउन फ़ास्ट लाइन की सभी ट्रेनों को गोरेगांव एवं बोरीवली स्टेशनों के बीच धीमी लाइनों पर चलाया जाएगा। इस ब्लॉक के कारण कुछ अप एवं डाउन उपनगरीय सेवाएँ निरस्त रहेंगी। इसके अलावा कुछ अंधेरी और बोरीवली ट्रेनों को हार्बर लाइन पर गोरेगांव तक चलाया जाएगा।

## गरीब आदिवासी बच्चों को मुफ्त नोटबुक का वितरण



**भिवंडी।** ठाणे जिला ग्रामीण कांग्रेस के सरचिटणीस एवं अनुसूचित जाति जमाती समाज आरक्षण बचाव समिति महाराष्ट्र राज्य के अध्यक्ष पंकज अशोक गायकवाड़ के सौजन्य से भिवंडी तालुका के आलखिवली पाडा और परिवली गाँव के गरीब एवं मेहनतकश आदिवासी बच्चों को मुफ्त नोटबुक वितरित की गईं। नोटबुक वितरण के दौरान पंकज गायकवाड़ ने कहा कि हमारा लक्ष्य सिर्फ नोटबुक बांटना नहीं है, बल्कि बच्चों के दिल में यह विश्वास जगाना है कि शिक्षा ही उनके उज्जवल भविष्य की कुंजी है। इस मौके पर उनके साथ युवा सहयोगी मित्र रोहन जाधव, अमोल भोंगळे, विरेन गुप्ता, प्रशांत जाधव, अक्षय माळी और अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे। सभी ने मिलकर बच्चों का उत्साहवर्धन किया और उन्हें नियमित रूप से स्कूल जाने की प्रेरणा दी।

# सपा का 'संविधान बचाव' आंदोलन

## वोट चोरी के आरोप, न्यायिक जांच और पारदर्शिता की मांग

डीबीडी संवाददाता | भिवंडी

भिवंडी में समाजवादी पार्टी (सपा) के कार्यकर्ताओं ने प्रांत कार्यालय के सामने 'संविधान बचाव' धरना दिया। कार्यकर्ताओं ने केंद्र और राज्य सरकार पर वोट चोरी का गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि यह राजनीति का नहीं, बल्कि हर नागरिक के अधिकारों का सवाल है। धरने की अगुवाई करते हुए प्रदेश सचिव और भिवंडी पश्चिम के पर्यवेक्षक रियाज़ आज़मी ने कहा कि संविधान हमें बराबरी, आज़ादी और न्याय का अधिकार देता है, लेकिन चुनाव में वोट चोरी होने पर यह अधिकार छिन जाता है। उन्होंने ऐलान किया कि अब सड़कों से संसद तक सपा की आवाज़ गूंजेगी।

### नारे और ज्ञापन



कार्यकर्ताओं ने हाथों में संविधान की प्रस्तावना और लोकतांत्रिक नारों वाली तख्तियां थामी हुई थीं। "वोट चोरी बंद करो" और "संविधान बचाओ – लोकतंत्र बचाओ" के नारों से पूरा इलाका गूंज उठा। कार्यक्रम के अंत में सपा नेताओं ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर वोट चोरी की घटनाओं की न्यायिक जांच, चुनावी प्रक्रिया में पारदर्शिता और संविधान की रक्षा के लिए ठोस कदम उठाने की मांग की।

### भारी संख्या में लोगों की मौजूदगी

धरने में मुनव्वर शेख, रियाज़ शेख, फरुख आज़मी, सुग्गी देवी, पूर्व नगरसेवक हसीब खान, अरविंद यादव, आलमगीर शेख, आफाक फारुकी, हामिद शेख, डॉ. शमीम समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और नागरिक मौजूद रहे।

## मध्य रेल पर शनिवार/रविवार मध्यरात्रि में मेगा ब्लॉक

**मुंबई।** मध्य रेल मुंबई मंडल 16/17 अगस्त 2025 (शनिवार/रविवार मध्यरात्रि) को विभिन्न इंजीनियरिंग और रखरखाव कार्यों के लिए उपनगरीय खंडों पर मध्यरात्रि मेगा ब्लॉक संचालित करेगा। इस दौरान दिन में कोई मेगा ब्लॉक नहीं होगा।

**विद्याविहार–ठाणे के बीच ब्लॉक**

विद्याविहार और ठाणे स्टेशनों के बीच 5वीं और 6ठी लाइन पर 16/17 अगस्त की मध्यरात्रि 00:40 बजे से 17 अगस्त सुबह 04:40 बजे तक ब्लॉक रहेगा।

**डाउन मेल और एक्सप्रेस ट्रेनें प्रभावित**

5वीं लाइन पर चलने वाली डाउन मेल और एक्सप्रेस ट्रेनें विद्याविहार और ठाणे/कल्याण के बीच डाउन फास्ट लाइन पर डायवर्ट रहेंगी और 10-15 मिनट की देरी से पहुंचेंगी, जिनमें 12811 एलटीटी–हटिया एक्सप्रेस, 22538 एलटीटी–गोरखपुर कुशीनगर एक्सप्रेस और 11099 एलटीटी–मडगाँव एक्सप्रेस शामिल हैं।

**अप मेल और एक्सप्रेस ट्रेनें भी डायवर्ट**

6ठी लाइन पर चलने वाली अप मेल और एक्सप्रेस ट्रेनें कल्याण/दिवा और विद्याविहार के बीच अप फास्ट लाइन पर डायवर्ट रहेंगी और 10-15 मिनट की देरी से पहुंचेंगी, जिनमें 18030 शालीमार–एलटीटी एक्सप्रेस, 18519 विशाखापत्तनम–एलटीटी एक्सप्रेस और 20104 आजमगढ़–एलटीटी सुपरफास्ट एक्सप्रेस शामिल हैं।

# पश्चिम रेलवे का स्वच्छता अभियान तेज

**▸▸ स्वतंत्रता दिवस समारोह के तहत सफाई और स्वास्थ्य जागरूकता पर जोर**



**मुंबई।** स्वतंत्रता दिवस समारोह के अवसर पर चल रहे स्वच्छता अभियान के तहत पश्चिम रेलवे के मुंबई सेंट्रल मंडल ने सफाई, स्वास्थ्य और जन-जागरूकता बढ़ाने के लिए कई पहल शुरू की हैं। मंडल ने स्वच्छ भारत के मूल्यों को अपनाते हुए रेलवे नेटवर्क, कॉलोनियों और कार्यालय परिसरों में सफाई के उच्च मानक बनाए रखने का संकल्प दोहराया है। पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी विनीत अभिषेक ने बताया कि चर्चगेट, अंधेरी, वलसाड और सांताक्रुज़ समेत कई स्टेशनों पर गहन सफाई और श्रमदान किया गया। सांताक्रुज़ स्टेशन पर रेलवे पटरियों की सफाई विशेष रूप से की गई। स्वच्छता जागरूकता फैलाने के लिए नुक्कड़ नाटक, रैलियां और स्वास्थ्य शिविरों का भी आयोजन हो रहा है। बोरीवली स्टेशन पर स्काउट्स एंड गाइड टीम ने नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया, जिससे यात्रियों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ी। स्वच्छता कार्यकर्ताओं और खानपान कर्मचारियों के लिए स्वास्थ्य जांच शिविर लगाए गए, साथ ही पेंट्री कार, बेस किचन और खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया।




## 12 राशिफल में देखें अपना दिन

**मेष** पूजा-पाठ में मन लगेगा। कोर्ट व कचहरी के काम निबटेंगे। लाभ के अवसर मिलेंगे। प्रसन्नता रहेगी। कुछ मानसिक अंतर्द्वंद्व पैदा होंगे। पारिवारिक उलझनों के कारण मानसिक कष्ट रहेगा। धैर्य एवं संयम रखकर काम करना होगा। यात्रा आज न करें।

**वृष** पुराना रोग उभर सकता है। चोट व दुर्घटना से बचें। वस्तुएं संभालकर रखें। बाकी सामान्य रहेगा। व्यापार-व्यवसाय सामान्य रहेगा। दूरदर्शिता एवं बुद्धि चातुर्य से कठिनाइयां दूर होंगी। राज्य तथा व्यवसाय में सफलता मिलने के योग हैं। पठन-पाठन में रुचि बढ़ेगी।

**मिथुन** राजमान प्राप्त होगा। नए अनुबंध होंगे। नई योजना बनेगी। व्यवसाय ठीक चलेगा। प्रसन्नता रहेगी। कार्य में व्यय की अधिकता रहेगी। दांपत्य जीवन में भावनात्मक समस्याएं रह सकती हैं। व्यापार में नए अनुबंध आज नहीं करें।

**कर्क** कोर्ट व कचहरी में अनुकूलता रहेगी। धनार्जन होगा। संतान के स्वास्थ्य पर ध्यान दें। परिवार के सहयोग से दिन उत्साहपूर्ण व्यतीत होगा। योजनानुसार कार्य करने से लाभ की संभावना है। आर्थिक सुदृढ़ता रहेगी। बेचैनी रहेगी।

**सिंह** लेन-देन में सावधानी रखें। बकाया वसूली के प्रयास सफल रखें। व्यावसायिक यात्रा मनोनुकूल रहेगी। कानूनी मामले सुधरेंगे। धन का प्रबंध करने में कठिनाई आ सकती है। आहार की अनियमितता से बचें। व्यापार, नौकरी में उन्नति होगी।

**कन्या** ऐश्वर्य पर व्यय होगा। स्वास्थ्य कमजोर रहेगा। विवाद को बढ़ावा न दें। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। राजकीय कार्य में परिवर्तन के योग बनेंगे। आलस्य का परित्याग करें। आपके कामों की लोग प्रशंसा करेंगे। व्यापार लाभप्रद रहेगा।

**तुला** रोजगार मिलेगा। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। अप्रत्याशित लाभ हो सकता है। नौकरी में अधिकार बढ़ेंगे। व्यावसायिक समस्या का हल निकलेगा। नई योजना में लाभ की संभावना है। घर में मांगलिक आयोजन हो सकते हैं।

**वृश्चिक** यात्रा सफल रहेगी। प्रयास सफल रहेंगे। वाणी पर नियंत्रण रखें। घर-बाहर पूछ-परख रहेगी। लाभ होगा। व्यापार-व्यवसाय में उन्नति के योग हैं। वाणी पर संयम आवश्यक है। जीवनसाथी से मदद मिलेगी। सामाजिक यश-सम्मान बढ़ेगा।

**धनु** पार्टी व पिकनिक का आनंद मिलेगा। रचनात्मक कार्य सफल रहेंगे। व्यवसाय ठीक चलेगा। प्रसन्नता रहेगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। पारिवारिक उन्नति होगी। सुखद यात्रा के योग बनेंगे। स्वविवेक से कार्य करना लाभप्रद रहेगा।

**मकर** पुराना रोग उभर सकता है। शोक समाचार मिल सकता है। भागदौड़ रहेगी। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। अधूरे कामों में गति आएगी। व्यावसायिक गोपनीयता भंग न करें। गीत-संगीत में रुचि बढ़ेगी। आर्थिक स्थिति सुदृढ़ होगी।

**कुंभ** पुराने मित्र व संबंधियों से मुलाकात होगी। शुभ समाचार प्राप्त होंगे। व्यवसाय ठीक चलेगा। मान बढ़ेगा। स्वजनों से मेल-मिलाप होगा। नौकरी में ऐच्छिक पदोन्नति की संभावना है। किसी की आलोचना न करें। खानपान का ध्यान रखें। आर्थिक संपन्नता बढ़ेगी।

**मीन** भूमि व भवन संबंधी योजना बनेगी। बेरोजगारी दूर होगी। लाभ होगा। मान-प्रतिष्ठा में कमी आएगी। कामकाज में बाधाएं आ सकती हैं। कर्मचारियों पर व्यर्थ संदेह न करें। आर्थिक तंगी रहेगी। शत्रु सक्रिय रहेंगे। स्वास्थ्य कमजोर होगा।

## नाड़ी ज्योतिष द्वारा विवाह दोष, कर्म बंधन और दुर्लभ तांत्रिक उपायों का संपूर्ण विश्लेषण

नाड़ी ज्योतिष एक ऐसी ज्योतिष शाखा है, जो मुख्य रूप से दक्षिण भारत में प्रचलित है और ऋषियों (जैसे अगस्त्य, वशिष्ठ, भृगु आदि) द्वारा लिखित पांडुलिपियों पर आधारित है। ये पांडुलिपियां ताड़पत्रों पर लिखी गई हैं और इन्हें ₹नाड़ी ग्रंथ₹ कहा जाता है। नाड़ी ज्योतिष में व्यक्ति की जानकारी उनके अंगूठे के निशान (पुरुषों के लिए दायां, महिलाओं के लिए बायां) और जन्म विवरण (जैसे जन्म तिथि, समय, स्थान) के आधार पर प्राप्त की जाती है।



विवाह संबंधी समस्याओं को जानने के लिए नाड़ी ज्योतिष निम्नलिखित पहलुओं पर ध्यान देता हैः

कुंडली में सप्तम भावः सप्तम भाव जीवनसाथी, विवाह और साझेदारी को दर्शाता है। नाड़ी ज्योतिष में सप्तम भाव की राशि, सप्तमेश की स्थिति, और सप्तम भाव पर ग्रहों का प्रभाव देखा जाता है।

नाड़ी दोषः कुंडली मिलान में नाड़ी दोष सबसे महत्वपूर्ण माना जाता है, क्योंकि यह वैवाहिक जीवन की स्थिरता और संतान सुख को प्रभावित करता है। नाड़ी दोष तब होता है जब वर-वधू की नाड़ी एक ही हो (आदि, मध्य, या अंत्य)।

ग्रहों की दशा और गोचरः विवाह में देरी या बाधा के लिए मंगल, शनि, राहु, और केतु जैसे ग्रहों की स्थिति और उनकी दशा का विश्लेषण किया जाता है।

कर्म बंधनः नाड़ी ज्योतिष में पिछले जन्मों के कर्मों का प्रभाव भी देखा जाता है, जो विवाह में बाधा उत्पन्न कर सकता है।

नाड़ी ज्योतिष द्वारा विवाह संबंधी समस्याओं को जानने की विधि

नाड़ी ज्योतिष में विवाह संबंधी समस्याओं को जानने की प्रक्रिया निम्नलिखित चरणों में पूरी होती हैः

अंगूठे का निशानः नाड़ी ज्योतिषी व्यक्ति के अंगूठे के निशान को स्कैन करता है। प्रत्येक निशान एक विशिष्ट नाड़ी ग्रंथ से जुड़ा होता है। उदाहरण के लिए, ₹शंख चक्र₹ निशान अगस्त्य नाड़ी से संबंधित हो सकता है।

नाड़ी ग्रंथ का चयनः निशान के आधार पर उपयुक्त नाड़ी ग्रंथ (जैसे अगस्त्य नाड़ी, शिव नाड़ी, भृगु नाड़ी) का चयन किया जाता है।

जन्म विवरण की पुष्टिः ज्योतिषी व्यक्ति के जन्म विवरण (नाम, माता-पिता का नाम, जन्म तिथि, आदि) के आधार पर ग्रंथ में उनकी पांडुलिपि खोजता है। यह पांडुलिपि व्यक्ति के जीवन की पूरी कहानी बताती है।

सप्तम भाव और नाड़ी दोष का विश्लेषणः

सप्तम भावः यदि सप्तम भाव में शनि, मंगल, या राहु जैसे अशुभ ग्रह हों, तो विवाह में देरी या वैवाहिक जीवन में समस्याएं हो सकती हैं। उदाहरणः यदि सप्तम भाव में मंगल हो, तो मांगलिक दोष बनता है, जिससे वैवाहिक जीवन में तनाव हो सकता है।

नाड़ी दोषः नाड़ी दोष का पता लगाने के लिए वर-वधू के नक्षत्रों का मिलान किया जाता है। नाड़ी तीन प्रकार की होती हैः

(क्रमशः)




प्रियंका जैन
9769994439

## न्यूज़ ब्रीफ

### झारखंड पुलिस ने शुरू की म्युल अकाउंट वालों पर कार्रवाई

**रांची** : सीआईडी के साइबर क्राइम ब्रांच के द्वारा म्युल बैंक खाते बनाकर साइबर अपराधियों के साथ मिलीभगत कर पैसे कमाने वालों के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी है। सीआईडी के साइबर क्राइम ब्रांच के द्वारा कई लोगों को गिरफ्तार किया गया है। सीआईडी के साइबर क्राइम ब्रांच के द्वारा म्युल खाता धारकों के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी गई है। इस मामले में ताबड़तोड़ गिरफ्तारियां शुरू कर दी गई हैं। जानकारी के अनुसार अब तक इस मामले में झारखंड के अलग अलग शहरों से आधा दर्जन से ज्यादा गिरफ्तारियां की गई हैं। हालांकि झारखंड के डीजीपी ने अभी तक तीन की गिरफ्तारी की पुष्टि की है।

### एफआईआर होने के बाद भड़के गोपाल मंडल

**भागलपुर** : बिहार के भागलपुर में जेडीयू के सांसद और विधायक के बीच विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। एमपी और एमएलए के बीच जुबानी जंग तेज हो गयी है। एफआईआर दर्ज होने के बाद जेडीयू एमएलए गोपाल मंडल और भड़क गए हैं। अब तो अपने पिछले बयान से दो कदम आगे बढ़ते हुए सांसद अजय मंडल को चोर और हत्यारा बता दिया है। विधायक नरेंद्र कुमार नीरज उर्फ गोपाल मंडल ने कहा कि अगर महिला नेत्री अजय मंडल की रिश्तेदार हैं तो वह इसको साबित करें। उन्होंने कहा कि अजय मंडल ने कई आदमियों का हत्या करवा दिया है, वह आपराधिक छवि के हैं।

### झारखंड के हर बूथ पर वोटों की चौकीदारी करेंगे कांग्रेसी

**रांची** : झारखंड कांग्रेस ने राज्य के 29,400 से अधिक मतदान केंद्रों पर नजर रखने के लिये पार्टी के प्रति समर्पित कार्यकर्ताओं की हर मतदान केंद्र पर तैनाती की योजना बनाई है। ये कार्यकर्ता न सिर्फ अपने-अपने मतदान केंद्र के वोटर लिस्ट पर नजर रखेंगे बल्कि यह भी देखेंगे कि कहीं कोई गड़बड़ी तो नहीं की जा रही है। झारखंड कांग्रेस की योजना पार्टी के पंचायत और टोला कस्बा स्तर तक कांग्रेस की नीति सिद्धांतों में विश्वास करने वाले कार्यकर्ताओं की पहचान कर उन्हें बड़ी जिम्मेदारी देने की है।

### 16 पुलिस अधिकारियों को मिलेगा मेडल

**लखनऊ** : उत्तर प्रदेश पुलिस के 16 पुलिसकर्मियों को गैलेंट्री अवार्ड से नवाजा जाएगा। साथ ही यूपी एसटीएफ के डीएसपी धर्मेश कुमार शाही यानी डीके शाही, IPS अजय कुमार शाही को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर वीरता पुरस्कार से पुरस्कृत किया जाएगा। वीरता पुरस्कार की घोषणा के बाद डीके शाही फिर से चर्चा में आ गए हैं। जानकारी के मुताबिक, जिन 16 पुलिसकर्मियों को वीरता पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा उनमें इंस्पेक्टर मनीष प्रताप सिंह चौहान, सब इंस्टपेक्टर अक्षय प्रवीर कुमार त्यागी शामिल हैं। इनके अलावा कांस्टेबल राजन कुमार, कांस्टेबल मुकेश सिंह, डिप्टी सुपरिंटेंडेंट ऑफ पुलिस दीपक कुमार सिंह, हेड कांस्टेबल हेमंत भूषण सिंह, हेड कांस्टेबल विनोद कुमार, सब इंस्पेक्टर प्रमोद कुमार शामिल हैं।

15 अगस्त स्पेशल

# आजादी के नायक को भूली सरकार

## मिर्जापुर के सैठोले कोल ने ब्रिटिश हुकूमत के खिलाफ किया था विद्रोह, आज परिवार कर रहा मजदूरी

**एजेंसी | मिर्जापुर**

मिर्जापुर के लालगंज इलाके के सैठोले कोल का नाम सुनते ही अंग्रेज थर्रा जाते थे। आदिवासी समाज को संगठित कर उन्होंने ब्रिटिश हुकूमत के खिलाफ खुला विद्रोह किया था। महुलरिया गांव में हजारों आदिवासियों की सभा बुलाकर आजादी का बिगुल फूंका और जेल से रिहा होने के बाद भी संघर्ष जारी रखा। उनकी वीरता के सम्मान में लालगंज थाने के सामने लगे अशोक स्तंभ पर उनका नाम अंकित है।

### नेताजी ने किया था सम्मानित

1939 में नेताजी सुभाष चंद्र बोस मिर्जापुर आए और लालगंज में आयोजित जनसभा में सैठोले कोल को सम्मानित किया। यह सम्मान उनके अदम्य साहस और अंग्रेजों के खिलाफ निरंतर लड़ाई के लिए दिया गया था।

### सरकारी उपेक्षा का शिकार

परिवार का आरोप है कि सरकार ने अन्य स्वतंत्रता सेनानियों के वंशजों की मदद की, लेकिन उन्हें भुला दिया। अब तक न कोई अधिकारी हाल जानने आया, न कोई लाभ मिला।



### आजादी के 78 साल बाद भी परिवार बदहाल

सैठोले कोल के तीनों बेटे और बेटियां अब इस दुनिया में नहीं हैं। पोते-पोतियों में से केवल राजा कोल को ग्राम प्रधान ने एक आवास दिलाया, बाकी कच्चे मकानों में रहते हैं। किसी को सरकारी नौकरी या विशेष सहायता नहीं मिली। पूरा परिवार आज भी मजदूरी कर जीवन-यापन करता है।

### प्रशासन का दावा, अब मिलेगी मदद

एडीएम अजय कुमार सिंह ने कहा कि मामले की जानकारी मिली है और जांच कर शासन से मिलने वाले सभी लाभ परिवार को दिलाए जाएंगे।

# विधायकों-मंत्रियों की सैलरी बढ़ी, भत्तों में भी इजाफा

**एजेंसी | लखनऊ**

उत्तर प्रदेश विधानसभा के मानसून सत्र के अंतिम दिन विधायकों और मंत्रियों के वेतन-भत्तों में बढ़ोतरी का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित हुआ। संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना द्वारा पेश "मंत्री सुख सुविधा विधेयक" को विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने मंजूरी दी। संशोधन के तहत विधायकों का मासिक वेतन 25,000 रुपए से बढ़ाकर 35,000 रुपए और मंत्रियों का वेतन 40,000 रुपए से बढ़ाकर 50,000 रुपए कर दिया गया है। साथ ही यात्रा भत्ता, आवास भत्ता और अन्य सुविधाओं में भी बढ़ोतरी हुई है। इससे राज्य सरकार पर प्रतिवर्ष 105 करोड़ 21 लाख 63 हजार रुपए का अतिरिक्त वित्तीय बोझ पड़ेगा। पूर्व विधायकों-मंत्रियों की पेंशन में बढ़ोतरी की गई है। विधान परिषद सदस्य को 6 वर्ष का कार्यकाल पूरा करने पर 2,000 रुपए प्रतिमाह



की अतिरिक्त पेंशन मिलेगी, जो हर वर्ष 2,000 रुपए बढ़ेगी। पारिवारिक पेंशन 25,000 रुपए से बढ़ाकर 30,000 रुपए कर दी गई है। पूर्व विधायकों को मिलने वाला वार्षिक रेलवे कूपन 1 लाख रुपए से बढ़ाकर 1.5 लाख रुपए कर दिया गया है, जिसमें 50,000 रुपए रेल/हवाई यात्रा और 1 लाख रुपए निजी वाहन के ईंधन के लिए होंगे। बची हुई राशि को परिवर्तनीय किया जा सकेगा। सुरेश खन्ना ने कहा कि बढ़ती महंगाई और जनप्रतिनिधियों की जिम्मेदारियों को देखते हुए यह कदम आवश्यक है, ताकि वे अपने कर्तव्यों को और प्रभावी ढंग से निभा सकें।

# विजन 2047 पर यूपी का रोडमैप पेश

**एजेंसी | लखनऊ**

लखनऊः विधानसभा के मानसून सत्र के चौथे दिन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 'विजन 2047' पर 24 घंटे से अधिक चली ऐतिहासिक चर्चा का समापन करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश विकसित भारत का इंजन बनेगा। उन्होंने सत्ता पक्ष और विपक्ष के 187 विधायकों की सक्रिय भागीदारी को लोकतंत्र की ताकत बताया और 1947 से 2017 तक की चुनौतियों तथा 2017 के बाद के विकास रोडमैप पर विस्तार से चर्चा की।

### 2017 से पहले का दौर और बदलाव

सीएम योगी ने 1947 से 2017 को नीतिगत उदासीनता, भ्रष्टाचार और भाई-भतीजावाद से ग्रस्त काल बताया, जिससे अपराध, अराजकता और बेरोजगारी ने राज्य को पीछे धकेला। उन्होंने विपक्ष के 'पीडीए' नारे को 'परिवार डेवलपमेंट अथॉरिटी' करार देकर परिवारवाद पर कटाक्ष किया। 2017 के बाद डबल इंजन सरकार ने कानून का राज स्थापित किया, अपराधियों पर जीरो टॉलरेंस अपनाया और निवेश के लिए अनुकूल माहौल तैयार किया।



### आर्थिक वृद्धि और निवेश

प्रदेश की जीएसडीपी 13 लाख करोड़ से बढ़कर 35 लाख करोड़ रुपए होने की ओर है, प्रति व्यक्ति आय 43 हजार से 1.20 लाख रुपए हुई, जबकि निर्यात 84 हजार करोड़ से 1.86 लाख करोड़ रुपए पहुंचा। बजट 3 लाख करोड़ से बढ़कर 8 लाख करोड़ हो गया और डिजिटल लेनदेन 122 करोड़ से 1,400 करोड़ रुपए तक पहुंचा। यूपी का राष्ट्रीय जीडीपी में योगदान 8% से बढ़कर 9.5% हो रहा है। ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में 45 लाख करोड़ रुपए के निवेश प्रस्ताव मिले, जिनसे 60 लाख नौकरियों की संभावना है।

### कृषि में रिकॉर्ड प्रदर्शन

गेहूं, चावल, गन्ना, दलहन और तिलहन उत्पादन में यूपी ने नए कीर्तिमान बनाए। गेहूं उत्पादन में 35% राष्ट्रीय योगदान, चावल में 14.7%, दलहन में 46% और गन्ना में 55% हिस्सेदारी रही। 31 सिंचाई परियोजनाओं से 23 लाख हेक्टेयर भूमि को पानी मिला।

## पंक्चर बनाने वाले परिवार में 8 मतदाता लेकिन वोटर लिस्ट में 24 के नाम

**सिवान** : बिहार में जब से मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (SIR) का काम शुरू हुआ है, तब से रोज कोई न कोई गड़बड़ी सामने आती ही रहती है। कभी 35 साल की महिला को 124 वर्ष का वोटर बता दिया जाता है तो कभी एक ही मकान में अलग-अलग जाति और धर्म के लोगों का पता दिखाने का मामले सामने आता है। अब सिवान से एक ऐसा मामला सामने आया है, जिससे पता चलता है कि BLO स्तर पर कितनी लापरवाही बरती गई है। वार्ड नंबर 27 स्थित मकान संख्या-9



के रहने वाले सफीउल्लाह बताते हैं कि मकान उनके पिता स्वर्गीय नगीना मियां के नाम पर है। वह पंक्चर बनाने का काम करते हैं। उनकी विधानसभा संख्या 105 और बूथ संख्या 254 है। हमदोनों भाई इस मकान में रहते हैं। वे बताते हैं कि वह दोनों पति-पत्नी और उनके 4 बच्चे मतदाता हैं, जबकि उनके भाई और उसकी पत्नी वोटर है। इस तरह हमारे परिवार में 8 लोग ही मतदाता हैं, इसके बावजूद लिस्ट में 24 लोगों के नाम दर्ज हैं। सफीउल्लाह बताते हैं कि वोटर लिस्ट में परिवार के अलावे जिन अन्य लोगों का नाम हमारे मकान संख्या के साथ दिखाया गया है, वह उनलोगों को नहीं पहचानते हैं। वे ये भी कहते हैं कि मतदाता सूची के मुताबिक वे सभी लोग दूसरे धर्म से जुड़े हैं। सफीउल्लाह इसके लिए BLO को जिम्मेदार ठहराते हुए प्रशासन से इसे जल्द से जल्द दुरुस्त करने की मांग कर रहे हैं।

# अंतरराष्ट्रीय साइबर गिरोह का पर्दाफाश

**देहरादून** : अंतरराष्ट्रीय फर्जी पार्सल और सरकारी अधिकारी बनकर ठगी करने वाले गिरोह का मास्टरमाइंड (नाइजीरिया मूल) एसटीएफ की टीम ने दिल्ली से गिरफ्तार किया है। गिरोह सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का उपयोग कर पीड़ितों को झांसा देता था। गिरफ्तार आरोपी से मिली जानकारियां I4C समन्वय पोर्टल पर अपलोड की जाएंगी, जिससे ऑल इंडिया क्रिमिनल लिंकाजेस



का पता लगाया जा सकेगा। देहरादून निवासी एक पीड़ित ने जुलाई 2025 में शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में बताया गया कि फेसबुक पर एक महिला ने खुद को एम्स्टर्डम स्थित एक नामी फार्मा कंपनी की सीनियर मैनेजर बताकर दोस्ती की। भरोसा जीतकर उसने नकली पार्सल भेजने का बहाना बनाया और फ्लोटा लॉजिस्टिक्स के नाम पर कस्टम स्कैनिंग, गोल्ड लाइसेंस, करेंसी कन्वर्जन, जीएसटी, बीमा, क्लीयरेंस और अन्य शुल्क के बहाने लगातार ऑनलाइन भुगतान करवाए। पीड़ित ने अलग-अलग बैंक खातों में कई किस्तों में कुल 24,88,400 रुपए ट्रांसफर किए।




# उतार-चढ़ाव के बाद हरे निशान में बंद हुआ बाजार

### सेंसेक्स 57 अंक चढ़ा, निफ्टी 24600 के पार

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**

अमेरिका-रूस वार्ता से पहले निवेशकों ने प्रतीक्षा और देखो की नीति अपनाई। इससे गुरुवार को बेंचमार्क शेयर सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी में भारी उतार-चढ़ाव के बीच स्थिरता रही। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 57.75 अंक या 0.07 प्रतिशत उछलकर 80,597.66 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 211.27 अंक या 0.26 प्रतिशत बढ़कर 80,751.18 अंक पर पहुंच गया। वहीं 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 11.95 अंक या 0.05 प्रतिशत की बढ़त के साथ 24,631.30 पर आ गया।




### सेंसेक्स की कंपनियों का हाल

सेंसेक्स की कंपनियों में इटरनल, इंफोसिस, एशियन पेंट्स, एचडीएफसी बैंक, बजाज फिनसर्व और टाइटन प्रमुख लाभ में रहे। वहीं, टाटा स्टील, टेक महिंद्रा, अडानी पोर्ट्स और भारत इलेक्ट्रॉनिक्स पिछड़ गए।

### यूरोपीय बाजारों में दिखी बढ़त

एशियाई बाजारों में, दक्षिण कोरिया का कोस्पी सकारात्मक दायरे में बंद हुआ, जबकि जापान का निक्केई 225 सूचकांक, शंघाई का एसएसई कम्पोजिट सूचकांक और हांगकांग का हैंग सेंग गिरावट के साथ बंद हुए। यूरोप के शेयर बाजार अधिकतर ऊंचे स्तर पर कारोबार कर रहे थे।

### एसएंडपी की रिपोर्ट में भारत पर जताया गया भरोसा

एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स ने कहा कि इस बीच, एसएंडपी ने मजबूत आर्थिक विकास, राजकोषीय समेकन के लिए राजनीतिक प्रतिबद्धता और मुद्रास्फीति को नियंत्रित करने के लिए 'अनुकूल' मौद्रिक नीति का हवाला देते हुए, लगभग 19 वर्षों के अंतराल के बाद भारत की सॉवरेन क्रेडिट रेटिंग को स्थिर दृष्टिकोण के साथ 'बीबीबी' तक बढ़ा दिया। उन्होंने कहा कि भारत दुनिया में सबसे अच्छा प्रदर्शन करने वाली अर्थव्यवस्थाओं में से एक है। पिछले पांच से छह वर्षों में सरकारी खर्च की गुणवत्ता में सुधार हुआ है। एसएंडपी ने कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था पर अमेरिकी टैरिफ का प्रभाव प्रबंधनीय होगा। अमेरिकी निर्यात पर 50 प्रतिशत टैरिफ से विकास पर कोई महत्वपूर्ण बाधा नहीं आएगी। इसमें कहा गया है कि भारत व्यापार पर अपेक्षाकृत कम निर्भर है और इसकी आर्थिक वृद्धि का लगभग 60% घरेलू उपभोग से आता है।

### ब्रेंट क्रूड का भाव बढ़कर 65.92 डॉलर हो गया

वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.53 प्रतिशत बढ़कर 65.92 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। एक्सचेंज के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने बुधवार को 3,644.43 करोड़ रुपए के शेयर बेचे, जबकि घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) ने 5,623.79 करोड़ रुपए के शेयर खरीदे। बुधवार को सेंसेक्स 304.32 अंक या 0.38 प्रतिशत चढ़कर 80,539.91 पर बंद हुआ। वहीं निफ्टी 131.95 अंक या 0.54 प्रतिशत बढ़कर 24,619.35 पर बंद हुआ।

# थोक मुद्रास्फीति दो साल के निचले स्तर पर

**एजेंसी | नई दिल्ली**

खाद्य वस्तुओं एवं ईंधन की कीमतों में गिरावट के बीच थोक मुद्रास्फीति जुलाई में दो साल के निचले स्तर शून्य से नीचे 0.58 प्रतिशत पर आ गई है। विशेषज्ञों ने हालांकि अनुमान लगाया है कि अगस्त में थोक मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति बढ़ सकती है क्योंकि आधार प्रभाव कम हो जाएगा और मौसमी मूल्य वृद्धि जारी रहेगी। खुदरा मुद्रास्फीति भी जुलाई में आठ साल के निचले स्तर 1.55 प्रतिशत पर आ गई है। गुरुवार को जारी आंकड़ों के अनुसार थोक मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति जून में शून्य से नीचे 0.13 प्रतिशत और जुलाई, 2024 में 2.10 प्रतिशत रही थी।



### महंगाई और आरबीआई की नीति

खुदरा मुद्रास्फीति को ध्यान में रखकर मौद्रिक रुख तय करने वाली भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की मौद्रिक नीति समिति ने इस महीने की शुरुआत में नीतिगत दर रेपो को 5.5 प्रतिशत पर यथावत रखा था।

### थोक महंगाई में गिरावट के कारण

उद्योग मंत्रालय ने बयान में कहा, मुख्य रूप से खाद्य पदार्थों, खनिज तेलों, कच्चे पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस, मूल धातुओं के विनिर्माण आदि की कीमतों में कमी के कारण थोक मुद्रास्फीति शून्य से नीचे रही है। थोक मूल्य सूचकांक के आंकड़ों के अनुसार, खाद्य वस्तुओं की कीमतों में जुलाई में 6.29 प्रतिशत की गिरावट देखी गई, जबकि जून में इनमें 3.75 प्रतिशत की गिरावट आई थी। सब्जियों के दाम में भारी गिरावट देखी गई। जुलाई में इनकी कीमतों में 28.96 प्रतिशत की गिरावट आई जबकि जून में यह 22.65 प्रतिशत घटी थी।

# जुलाई में निर्यात 7.29% बढ़कर 37.24 अरब डॉलर पर पहुंचा

**एजेंसी | नई दिल्ली**

जुलाई 2025 में भारत का निर्यात दो महीने की लगातार गिरावट के बाद 7.29 प्रतिशत बढ़कर 37.24 अरब अमेरिकी डॉलर पर पहुंच गया। गुरुवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक, अप्रैल-जुलाई 2025-26 के दौरान निर्यात 3.07 प्रतिशत बढ़कर 149.2 अरब डॉलर दर्ज किया गया। जुलाई में आयात सालाना आधार पर 8.6 प्रतिशत बढ़कर 64.59 अरब डॉलर हो गया। इसी के साथ व्यापार घाटा बढ़कर आठ महीने के उच्च स्तर 27.35 अरब डॉलर पर पहुंच गया, जो पिछले वर्ष नवंबर के बाद सबसे अधिक है। अप्रैल-जुलाई



2025-26 के दौरान आयात 5.36 प्रतिशत बढ़कर 244.01 अरब डॉलर और व्यापार घाटा 94.81 अरब डॉलर रहा। वाणिज्य सचिव सुनील बर्थवाल ने कहा कि वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं के बावजूद भारत का वस्तु और सेवा निर्यात बेहतर रहा है। उन्होंने बताया कि इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रॉनिक्स, रत्न एवं आभूषण, फार्मा और रसायन जैसे क्षेत्रों ने निर्यात वृद्धि में अहम योगदान दिया है।

# सुपरटेक रियल्टर्स के खिलाफ दिवाला प्रक्रिया का रास्ता साफ

**एजेंसी | नई दिल्ली**

राष्ट्रीय कंपनी विधि अपीलीय न्यायाधिकरण (एनसीएलएटी) ने सुपरटेक रियल्टर्स के खिलाफ दिवाला कार्यवाही का रास्ता साफ किया। सुपरटेक कंपनी नोएडा स्थित सुपरनोवा




प्रोजेक्ट की डेवलपर है, जिसमें आवासीय अपार्टमेंट, ऑफिस, रिटेल स्पेस और एक लग्जरी होटल शामिल हैं। एनसीएलटी की दिल्ली पीठ ने अपने पिछले आदेश को बरकरार रखा है। इसमें 12 जून 2024 को बैंक ऑफ महाराष्ट्र की याचिका पर कॉर्पोरेट दिवाला समाधान प्रक्रिया (सीआईआरपी) शुरू करने का निर्देश दिया गया था। बैंक ने कंपनी पर डिफॉल्ट का आरोप लगाते हुए यह याचिका दायर की थी। दो सदस्यीय एनसीएलटी पीठ ने कहा कि कंपनी के प्रमोटर राम किशोर अरोड़ा द्वारा पेश किया गया संशोधित निपटान प्रस्ताव बैंकों के कंसोर्टियम ने स्वीकार नहीं किया है। दो सदस्यीय NCLAT पीठ ने कहा कि कंपनी के प्रमोटर राम किशोर अरोड़ा का संशोधित निपटान (OTS) प्रस्ताव बैंकों के समूह ने स्वीकार नहीं किया।

# एक साल में सोने-चांदी ने सबसे अधिक मुनाफा कराया

**एजेंसी | नई दिल्ली**

स्वतंत्रता दिवस 2024 से 2025 के बीच सोने और चांदी ने भारतीय शेयर बाजार को पीछे छोड़ते हुए निवेशकों को भारी रिटर्न दिया। इस दौरान सोने की कीमतों में 42.76% और चांदी में 43% की वृद्धि दर्ज की गई। वहीं, निफ्टी और सेंसेक्स केवल 1.97% और 1.81% बढ़ पाए। 15 अगस्त 2024 को सोना 70,136 रुपए प्रति 10 ग्राम और चांदी 80,061 रुपए प्रति किलोग्राम के आसपास कारोबार कर रही थी। एक साल बाद 15 अगस्त 2025 तक सोना 1,01,020 रुपए प्रति 10 ग्राम और चांदी 1,12,000 रुपए प्रति



किलोग्राम तक पहुंच गई। बीते 12 महीनों में सोने की कीमतों में लगभग 31 हजार और चांदी में करीब 32 हजार रुपए की वृद्धि हुई। सोना 2025 की पहली छमाही में निवेशकों को लगभग 27% का रिटर्न दे चुका है। 1 जनवरी को 24 कैरेट सोने का भाव 77,723 रुपए था, जो 30 जून तक बढ़कर 97,583 रुपए हो गया। जून के बाद से कीमतों में तेजी जारी है और बीते डेढ़ महीने में दाम 3,500 रुपए तक उछल चुके हैं। विशेषज्ञों के अनुसार, दूसरी छमाही में सोना 4-8% और बढ़ सकता है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा नवंबर 2024 में टैरिफ लगाने के बाद से सोने की कीमतों में लगातार उछाल आया। दिसंबर 2024 से सोना लगभग 30% महंगा हुआ, जबकि 2 अप्रैल के बाद से सात फीसदी का अतिरिक्त उछाल देखा गया। वहीं, भारतीय शेयर बाजार पर दबाव रहा। रुपए की कमजोरी और विदेशी निवेशकों की भारी बिकवाली ने निफ्टी और सेंसेक्स के प्रदर्शन को प्रभावित किया।

# टी20 वर्ल्ड कप के लिए ग्लेन मैक्सवेल कर रहे अभी से तैयारी

एजेंसी । मेलबर्न

ऑस्ट्रेलिया की टीम अभी घर पर साउथ अफ्रीका के खिलाफ तीन मैचों की टी20 सीरीज खेल रही है, जिसमें अब तक 2 मैच खेले गए हैं और उसमें दोनों ही टीमों ने 1-1 मुकाबला अपने नाम किया है। इसी बीच दोनों टीमों के बीच तीसरा टी20 मुकाबला 16 अगस्त को केर्न्स के मैदान पर खेला जाएगा, जिससे पहले कंगारू टीम के स्टार खिलाड़ी ग्लेन मैक्सवेल का बड़ा बयान सामने आया है। मैक्सवेल जो पिछले काफी समय से बल्ले से कोई कमाल नहीं दिखा पा रहे हैं वह गेंदबाजी में जरूर टीम के लिए योगदान देते हुए नजर आए हैं। मैक्सवेल ने अपने दिए बयान में साल 2026 में होने वाले टी20 वर्ल्ड कप के लिए अपनी तैयारियों का खुलासा किया है।




▶▶ विश्व कप को ध्यान में रखकर निखार रहे हैं गेंदबाजी

### अपनी गेंदबाजी को लेकर अधिक ध्यान दे रहा हूं

ग्लेन मैक्सवेल की ऑस्ट्रेलियाई टी20 टीम में जगह को लेकर पिछले काफी समय से सवाल उठ रहे हैं, जिसमें उनका बल्लेबाजी में बुरी तरह से नाकाम होना है। हालांकि मैक्सवेल ने गेंदबाजी के जरिए खुद की जगह को बचाए रखा है। इसी बीच ग्लेन मैक्सवेल ने साल 2026 में होने वाले टी20 वर्ल्ड कप को लेकर अपनी तैयारियों के बारे में दिए बयान में कहा कि मुझे लगता है कि उपमहाद्वीप में आप शुरुआत में स्पिनर के तौर पर विकेट से थोड़ा अधिक फायदा उठा सकते हैं। मुझे विकेट लेना बहुत पसंद है, जब भी मैं किसी को आउट करता हूं तो मुझे हैरानी होती है। मैं पावरप्ले में अपनी भूमिका निभाना चाहता हूं और इसमें अधिक बेहतर तरीके से गेंदबाजी करने की कोशिश कर रहा हूं।

### बल्ले और गेंद से अब तक ऐसा रहा है ग्लेन मैक्सवेल का प्रदर्शन

टी20 इंटरनेशनल में ग्लेन मैक्सवेल का प्रदर्शन देखा जाए तो उन्होंने अब तक कुल 123 मैच खेले हैं, जिसमें 28.86 के औसत से उन्होंने 2771 रन बनाए हैं। अब तक मैक्सवेल 5 शतक और 11 अर्धशतकीय पारियां खेल चुके हैं। वहीं गेंद से उनके प्रदर्शन को लेकर बात की जाए तो मैक्सवेल ने 29.73 के औसत से 49 विकेट हासिल किए हैं। इस दौरान उनका इकॉनमी रेट 8.17 का रहा है। वहीं एक मैच में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन को लेकर बात की जाए तो वह 10 रन देकर तीन विकेट है।

# टॉटेनहम को हराकर पीएसजी बना सुपर कप चैंपियन

एजेंसी । पेरिस

चैंपियंस लीग के चैंपियन पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) ने अपना स्वप्निल अभियान जारी रखते हुए यूईएफए सुपर कप जीत लिया है। उसने स्टेडियो फ्रीउली में बुधवार को खेले गए रोमांचक मैच में पेनाल्टी शूटआउट में टॉटेनहम को 4-3 से हराकर खिताब पर कब्जा कर लिया। यह फ्रांस के इस फुटबॉल क्लब की वर्ष 2025 की पांचवीं ट्रॉफी है। पीएसजी ने इस साल चैंपियंस लीग, लीग 1 और कूप डि फ्रांस का तिहरा खिताब जीता था। फिर उसने जनवरी में ट्रॉफी डेस चैंपियंस भी जीती थी।

### पिछड़ने के बाद वापसी

पीएसजी की जीत एक समय असंभव लग रही थी क्योंकि चैंपियंस लीग और यूरोपा लीग के विजेताओं के बीच खेले गए इस मैच में टॉटेनहम निर्धारित समय के 85वें मिनट तक 2-0 से आगे चल रहा था। लेकिन उसके बाद पीएसजी ने वापसी शानदार वापसी की। दूसरे हाफ में ली कांग-इन ने पीएसजी के लिए पहला गोल (85) किया जबकि उनके साथी खिलाड़ी गोंकालो रामोस ने इंजरी टाइम के चौथे मिनट में बराबरी का गोल दागा।




### मेंडेस ने किया निर्णायक गोल

नूनो मेंडेस ने शूटआउट में निर्णायक स्पॉट किक को गोल में बदलकर पीएसजी की शानदार वापसी को अंजाम तक पहुंचा। पेनाल्टी शूटआउट में पीएसजी के लिए विटिना पहले प्रयास में चूक गए। इसके बाद टॉटेनहम शूटआउट में 2-0 की बढ़त बनाकर फिर से उलटफेर करने की स्थिति में आ गया। लेकिन उसके खिलाड़ी मिकी वैन डे वेन और मैथिस टेल पेनाल्टी को गोल में नहीं बदल पाए जबकि पीएसजी ने लगातार चार पेनाल्टी गोल में बदली।

## न्यूज ब्रीफ

### आदित्य और अंकोलिका की खिताबी जीत

**वडोदरा।** पश्चिम बंगाल के आदित्य और अंकोलिका ने पहली यूटीटी राष्ट्रीय रैंकिंग टेबल टेनिस चैंपियनशिप में बुधवार को अंडर-15 के खिताब जीत लिए हैं। लड़कों के वर्ग में हालांकि शीर्ष वरीयता प्राप्त पश्चिम बंगाल के आदित्य दास को तनावपूर्ण फाइनल में गैर-वरीय महाराष्ट्र के निलय पट्टेकर को 3-2 से हराने के लिए शुरुआती झटकों से पार पाना पड़ा। लेकिन दूसरी वरीयता प्राप्त पश्चिम बंगाल की ही अंकोलिका चक्रवर्ती ने लड़कियों के खिताबी मुकाबले में शीर्ष वरीयता प्राप्त महाराष्ट्र की नैशा रेवास्कर को 3-0 से हरा दिया। अंडर-15 मुकाबलों के समाप्त होने के साथ, टूर्नामेंट कल अपने अंतिम मैच की ओर बढ़ रहा है, जिसमें अंडर-13 और अंडर-11 लड़कों और लड़कियों की श्रेणियों में चार खिताबी मुकाबले होंगे।

### चंडीगढ़ और उत्तराखंड ने दर्ज की जीत

जालंधर। चंडीगढ़ और उत्तराखंड ने 15वीं हॉकी इंडिया जूनियर पुरुष राष्ट्रीय चैंपियनशिप डिवीजन 'बी' के तीसरे दिन गुरुवार को अपने-अपने मुकाबले जीते। हिमाचल और जम्मू-कश्मीर का मुकाबला 5-5 से बराबरी पर छूटा। जम्मू-कश्मीर के कप्तान राजवीर सिंह ने हैट्रिक लगाई। दोनों टीम को इससे एक-एक अंक मिला। अरुणाचल प्रदेश को कप्तान अमरजीत सिंह (17वें,36वें, 53वें मिनट) की हैट्रिक के बावजूद चंडीगढ़ से कड़े मुकाबले में 4-3 से हार का सामना करना पड़ा। चंडीगढ़ के लिए ऋषभ (8वें मिनट), मोहम्मद जैद (19वें मिनट), फतेह सिंह (31वें मिनट) और प्रभजोत सिंह (33वें मिनट) ने गोल किए। उत्तराखंड ने असम को एकतरफा मुकाबले में 8-1 से हराया। विजेता टीम के लिए महेंद्र सिंह (33वें, 37वें मिनट), रोहित आरी (32वें, 45वें मिनट), सूरज कुमार (55वें, 60वें मिनट) ने दो-दो जबकि विशाल कुमार (दूसरे मिनट) और नवीन प्रसाद (14वें मिनट) ने एक-एक गोल किया।

### संधू ने तीन शॉट की बढ़त हासिल की

मैसुरु। युवराज संधू ने पीजीटीआई के मैसुरु ओपन के तीसरे दौर में आठ अंडर 62 का शानदार कार्ड खेला जिससे उन्होंने तीन शॉट की बढ़त हासिल कर ली है। पहले दौर से ही शीर्ष पर काबिज संधू का कुल स्कोर गुरुवार को 22 अंडर 188 हो गया। चंडीगढ़ के संधू (61-65-62) वर्तमान पीजीटीआई ऑर्डर ऑफ मेरिट में शीर्ष पर हैं। अब उनकी निगाहें तीसरे पीजीटीआई खिताब पर लगी हैं। बांग्लादेश के जमाल हुसैन (62-65-64) ने 64 का कार्ड खेला और लगातार तीसरे दिन दूसरे स्थान पर बने रहे। उनका कुल स्कोर 19 अंडर 191 रहा। दिल्ली के गोल्फर अर्जुन प्रसाद ने भी 64 का कार्ड बनाया जिससे वह 18 अंडर 192 के कुल स्कोर के साथ अकेले तीसरे स्थान पर हैं। चंडीगढ़ के करणदीप कोचर ने संधू के पहले दौर में टूर्नामेंट के सबसे कम स्कोर 61 की बराबरी करते हुए 11 स्थान की छलांग लगाई और 17 अंडर 193 के कुल स्कोर के साथ संयुक्त चौथे स्थान पर पहुंच गए।

# ओवेन, मॉरिस और शॉर्ट वनडे सीरीज से हुए बाहर

**डार्विनः** ऑस्ट्रेलिया को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ आगामी तीन मैचों की वनडे सीरीज से बड़ी चोट झेलनी पड़ी है। चोटिल खिलाड़ी मिचेल ओवेन, तेज गेंदबाज लांस मॉरिस और ऑलराउंडर मैट शॉर्ट सीरीज से बाहर हो गए हैं। मिचेल ओवेन को टी-20 मैच के दौरान बल्लेबाजी करते हुए गेंद हेलमेट पर लगी थी। शुरुआती कंकशन टेस्ट में वह ठीक पाए गए थे, लेकिन बाद में उन्हें परेशानी महसूस हुई, जिससे वह टी-20 और वनडे दोनों सीरीज से बाहर हो गए। लांस मॉरिस को पीठ में दर्द की शिकायत थी और वह आगे की जांच के लिए पर्थ लौट गए हैं। मैट शॉर्ट अभी भी वेस्टइंडीज में लगी साइड स्ट्रेन से उबर नहीं पाए हैं; उन्हें पहले दो टी-20 मैचों से बाहर रखा गया था और अब कोई भी वनडे मैच खेलने के लिए उपलब्ध नहीं होंगे। इन खिलाड़ियों की जगह आरोन हार्डी, कूपर कोनोली और मैट कुहनेमैन को टीम में शामिल किया गया है।

### ऑस्ट्रेलियाई वनडे टीम

मिचेल मार्श (कप्तान), जेवियर बार्टलेट, एलेक्स कैरी, कूपर कोनोली, बेन ड्वार्शुइस, नाथन एलिस, कैमरन ग्रीन, एरॉन हार्डी, जोश हेजलवुड, ट्रेविस हेड, जोश इंगलिस, मैट कुहनेमन, मार्नस लाबुशेन, एडम जांपा।



# सत्र की 50वीं जीत के साथ क्वार्टर में सबालेंका

एजेंसी । ओहियो

दुनिया की नंबर एक टेनिस खिलाड़ी आर्यना सबालेंका ने सिनसिनाटी ओपन में अपनी शानदार फॉर्म जारी रखते हुए सत्र की 50वीं जीत दर्ज की और क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। बेलारूस की सबालेंका ने बुधवार रात स्पेन की जेसिका बूजास मानेइरो को 6-1, 7-5 से हराया।

### सबालेंका का अगला मुकाबला



मौजूदा चैंपियन सबालेंका का सामना क्वार्टर फाइनल में इलिना रायाबिना से होगा, जिन्होंने अमेरिका की मेडिसन कीज को 6-7, 6-4, 6-3 से पराजित किया।

### पुरुष वर्ग में अंतिम-8 के लिए जगह

पुरुष वर्ग में अलेक्जेंडर ज्वेरेव और आंद्रे रूबलेव ने क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। ज्वेरेव अपने प्रतिद्वंद्वी कारेन खाचानोव के बीच से हटने के कारण आगे बढ़े। खाचानोव के मुकाबले से हटने तक ज्वेरेव ने पहला सेट 7-5 और दूसरे सेट में 3-0 की बढ़त बनाई थी। आंद्रे रूबलेव ने फ्रांसिस्को कॉमेसाना को 6-2, 6-3 से हराया। अब रूबलेव का सामना क्वार्टर फाइनल में कार्लोस अल्काराज से होगा।

# महाराष्ट्र की टीम में गायकवाड़ और पृथ्वी

**बुची बाबू टूर्नामेंट**

एजेंसी । पुणे

भारतीय बल्लेबाज रुतुराज गायकवाड़ और पृथ्वी साव को 18 अगस्त से 9 सितंबर तक चेन्नई में खेले जाने वाले अखिल भारतीय बुची बाबू आमंत्रण टूर्नामेंट के लिए गुरुवार को महाराष्ट्र की 17 सदस्यीय टीम में शामिल किया गया। अंकित बावने को टीम का कप्तान बनाया गया है।

### साव का पदार्पण



यह शीर्ष क्रम के बल्लेबाज साव का पहला टूर्नामेंट होगा जो वह महाराष्ट्र के लिए खेलेंगे। वह सत्र की शुरुआत से पहले मुंबई छोड़कर महाराष्ट्र में शामिल हो गए थे। पिछले सत्र में मुंबई के साथ खराब प्रदर्शन के बाद खराब फिटनेस और अनुशासन के आधार पर टीम से बाहर किए जाने के बाद 25 वर्षीय यह खिलाड़ी नई शुरुआत करने के लिए उत्सुक होगा। हालांकि गायकवाड़ और विकेटकीपर सौरभ नवाले दोनों को एक मैच के बाद दलीप ट्रॉफी के लिए बेंगलुरु में पश्चिम क्षेत्र की टीम से जुड़ना होगा। पश्चिम क्षेत्र को सेमीफाइनल में सीधा प्रवेश मिला है और वह पहला मैच 4 सितंबर को खेलेगा।

### टीम

अंकित बावने (कप्तान), रुतुराज गायकवाड़, पृथ्वी साव, सिद्धेश वीर, सचिन धास, अर्शिन कुलकर्णी, हर्षल काटे, सिद्धार्थ म्हात्रे, सौरभ नवाले, मंदार भंडारी, रामकृष्ण घोष, मुकेश चौधरी, प्रदीप दाधे, विक्की ओस्तवाल, हितेश वालुंज, प्रशांत सोलंकी और राजवर्धन हांगरगेकर।

## बॉलीवुड

फिल्म समीक्षा : वॉर 2 → रेटिंग: ★★★

# 'वॉर 2' में एक्शन हिट, कहानी मिस

@मेघा पटैरिया

2019 में आई वॉर ने सिर्फ बॉक्स ऑफिस पर तहलका ही नहीं मचाया, बल्कि आदित्य चोपड़ा को अपनी टाइगर फ्रेंचाइज़ी को 'स्पाई यूनिवर्स' में बदलने का बड़ा आइडिया भी दे दिया था। शाहरुख खान की 2023 में पठान ने इस यूनिवर्स को नई ऊंचाइयों पर पहुंचा दिया। इस कड़ी की छठी फिल्म वॉर 2 को मेकर्स पिछले साल के स्वतंत्रता दिवस पर ही रिलीज करना चाहते थे, लेकिन प्लान बदल दिया। अब यह फिल्म तय समय से एक साल बाद ही सिनेमाघरों तक पहुंची। करीब 400 करोड़ रुपए के मेगा बजट वाली यह फिल्म सिर्फ पैमाने में ही नहीं, स्टारकास्ट में भी बड़ी है। इसमें तेलुगू सुपरस्टार जूनियर एनटीआर भी शामिल है। हालांकि, शुरुआती चर्चा जितनी धमाकेदार थी, वैसा असर फिल्म रिलीज के बाद दिख नहीं रहा है।



**एक्टर :** ऋऋतिक रोशन, जूनियर एनटीआर, कियारा आडवाणी, आशुतोष राणा, अनिल कपूर
**डायरेक्टर :** अयान मुखर्जी

### कहानी कुछ ऐसी है

फिल्म की शुरुआत सीधे वहीं से होती है, जहां वॉर का क्लाइमेक्स खत्म हुआ था। रॉ का टॉप एजेंट कबीर (ऋतिक रोशन) अब दुनिया भर में एक 'हाई-प्रोफाइल कॉन्ट्रैक्ट किलर' के तौर पर पहचाना जा रहा है। लेकिन यह सिर्फ एक मुखौटा है। असल में वह अपने पुराने बॉस कर्नल लूथरा (आशुतोष राणा) के गुप्त मिशन पर है, जिसका लक्ष्य है देश के दुश्मनों के अंतरराष्ट्रीय संगठन 'कली' में घुसपैठ करना। कली का भरोसा जीतने के लिए कबीर को ऐसा कदम उठाना पड़ता है, जो उसे सबकी नजर में गद्दार बना देता है। वह कर्नल लूथरा की हत्या कर देता है। यह मौत सिर्फ एक मिशन का हिस्सा थी, लेकिन इसकी सबसे बड़ी कीमत चुकानी पड़ती है कबीर को अपनी पुरानी मोहब्बत काव्या लूथरा (कियारा आडवाणी) के रूप में, जो अपने पिता का बदला लेने के लिए रॉ में शामिल हो जाती है। इस बार एजेंसी की बागडोर विक्रम कौल (अनिल कपूर) के हाथ में है, और कबीर को पकड़ने की जिम्मेदारी उन्हे सौंपी जाती है स्पेशल यूनिट ऑफिसर विक्रम (जूनियर एनटीआर) को जिसका कबीर से पुराना और बेहद पर्सनल रिश्ता है। पुराने घाव और अधूरे हिसाब इस मिशन को महज ड्यूटी से कहीं ज्यादा बना देते हैं। कहानी में भावनाओं की एक और परत जोड़ती है रूही कबीर की गोद ली हुई बेटी, जो उसकी दिवंगत प्रेमिका नैना साहनी (वाणी कपूर) की संतान है। दुश्मन, ठीक पिछली फिल्म की तरह, कबीर तक पहुंचने के लिए रूही को हथियार बनाते हैं, और यहीं से शुरू होती है एक ऐसी लड़ाई, जिसमें वफादारी, बदला और मोहब्बत तीनों आमने-सामने हैं। आगे क्या होता है इसके लिए आप सिनेमाघरों में जाकर फिल्म देखिए।

### अयान मुखर्जी का निर्देशन

पहली वॉर का निर्देशन जहां सिद्धार्थ आनंद ने किया था, वहीं इस बार की कमान अयान मुखर्जी के हाथों में रही। हालांकि, वे दर्शकों की उम्मीदों का पूरी तरह मान नहीं रख पाए। दमदार एक्शन के बीच बिखरी हुई पटकथा कहानी को उलझा देते हैं। फिल्म की शुरुआत ऋतिक रोशन और जूनियर एनटीआर के हाई-ऑक्टेन एक्शन सीक्वेंस से होती है, जो तुरंत एड्रेनालिन बढ़ा देते हैं। आगे भी दोनों के टकराव वाले दृश्य रोमांच बनाए रखते हैं। इंटरवल से ठीक पहले एक बड़ा ट्विस्ट आता है, जो उम्मीदों को और बढ़ा देता है। लेकिन दुर्भाग्य से, इसके बाद कबीर और विक्रम के निजी रिश्तों की परतें इतनी जटिल हो जाती हैं कि कहानी का प्रवाह टूटने लगता है और दर्शक भी भ्रमित हो जाते हैं। क्लाइमैक्स भी अपेक्षित प्रभाव नहीं छोड़ पाता। अयान ने कब्बू के कबीर बनने का सफर तो विस्तार से दिखाया है, लेकिन रघु से विक्रम बनने की कहानी अधूरी छोड़ दी, जिससे फिल्म में एक खालीपन महसूस होता है। हालांकि, फिल्म के अंत में इसके मेगा सीक्वल के संकेत स्पष्ट किए गए हैं। स्पाई यूनिवर्स में कबीर, पठान और टाइगर के बाद एक नया एजेंट भी जुड़ता है।

### संगीत

तकनीकी में वॉर 2 की सिनेमैटोग्राफी शानदार है, लेकिन वीएफएक्स उतना प्रभावशाली अच्छा है। संगीत के मोर्चे पर प्रीतम इस बार अपनी पिछली फिल्मों जैसा जादू नहीं चला पाए। फिल्म का एक गाना अच्छा है जो कियारा और ऋतिक के प्रेम पर फिल्माया गया है। पोस्ट-क्रेडिट सीन में बॉबी देओल भी नजर आते हैं, जो इस साल के अंत में आने वाली फिल्म अल्फा की कहानी का संकेत देते हैं।

### कलाकारों का अभिनय

अभिनय की बात करें तो ऋतिक रोशन और जूनियर एनटीआर ने जबरदस्त परफॉर्मेंस दी है, खासकर उनके एक्शन सीन वाकई टिकट की कीमत वसूल करवा देते हैं। कियारा आडवाणी स्क्रीन पर बेहद आकर्षक लगीं। अनिल कपूर के हिस्से करने के लिए खास कुछ नहीं था, जबकि वरुण बडोला अपने किरदार में पूरी तरह फिट बैठे। बाकी कलाकारों ने भी अच्छा काम किया है।

### क्यों देखें :

यदि आप ऋतिक रोशन और जूनियर एनटीआर के फैन हैं, तो यह फिल्म आपके लिए बड़े पर्दे पर एक रोमांचक अनुभव बन सकती है। दमदार एक्शन इसकी खासियत हैं। बस, कहानी के मामले में उम्मीदें थोड़ी संयमित रखें, तो मज़ा ज़रूर आएगा।

# 'द ताज स्टोरी' का ऐलान

अभिनेता परेश रावल पिछली बार फिल्म 'अजेयः द अनटोल्ड स्टोरी ऑफ ए योगी' में दिखे थे, लेकिन यह फिल्म कब आई और कब चली गई, किसी को पता भी नहीं चला। आने वाले समय में परेश एक से बढ़कर एक फिल्मों में नजर आएंगे और अब उनकी नई फिल्म का ऐलान हो गया है, जिसका नाम 'द ताज स्टोरी' है। इस फिल्म के निर्देशन की कमान तुषार अमरीश गोयल ने संभाली है। फिल्म की कहानी भी इन्होंने ही लिखी है।




### कब रिलीज हो रही फिल्म?

'द ताज स्टोरी' का निर्माण सीए सुरेश झा कर रहे हैं। फिल्म का पहला वीडियो सामने आ गया है, जिसमें परेश एक अदालत में खड़े होकर बौद्धिक आतंकवाद के मुद्दे पर जोरदार बहस करते नजर आ रहे हैं। अभिनेता ने सोशल मीडिया पर वीडियो साझा करते हुए लिखा, 'आजादी के 79 साल बाद भी क्या हम बौद्धिक आतंकवाद के गुलाम हैं?' फिल्म की रिलीज तारीख से पर्दा उठ गया है। यह फिल्म 31 अक्टूबर, 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

# शाहरुख खान की 'किंग' का इंतजार और बढ़ा



शाहरुख खान पिछली बार फिल्म 'डंकी' में दिखे थे, जो बॉक्स ऑफिस पर हिट रही थी। इससे पहले आईं उनकी फिल्में 'पठान' और 'जवान' ब्लॉकबस्टर साबित हुई थीं। पिछले कुछ समय से वह फिल्म 'किंग' को लेकर चर्चा में हैं, जिसके एक-एक अपडेट का प्रशंसक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। फिल्म की शूटिंग शुरू हो गई थी, लेकिन इसी बीच शाहरुख चोटिल हो गए और फिल्म का काम रुक गया। अब इसकी रिलीज और आगे बढ़ा 'दी गई है।

### क्यों टली फिल्म की शूटिंग?

मिड डे की रिपोर्ट के मुताबिक, 'किंग' की टीम ने फिल्म की शूटिंग रोक दी है। फिल्म की शूटिंग टलने की वजह शाहरुख की चोट है। उन्हें कैमरे के सामने दोबारा आने से पहले हफ्तों आराम करने की सलाह दी गई है। यह एक एक्शन से भरपूर फिल्म है, इसलिए फिल्म की टीम भी उनकी सेहत के साथ कोई समझौता नहीं करना चाहती। शाहरुख इस फिल्म के सह-निर्माता भी हैं और वह खुद भी जोखिम नहीं उठाना चाहते। शाहरुख के पूरी तरह से ठीक होने के बाद फिल्म की शूटिंग शुरू की जाएगी। पहले यह फिल्म साल 2026 में गांधी जयंती के मौके पर रिलीज होने वाली थी, लेकिन अब इसे साल 2027 तक के लिए टाल दिया गया है। पहले ही इस फिल्म को कई बार टाला जा चुका है। कभी स्क्रिप्ट में सुधार करने के चलते तो कभी किसी और वजह से। फिल्म के अगले शेड्यूल की शूटिंग यूरोप में होगी

# 65 लाख नामों की सूची वेबसाइट पर डालने का 'सुप्रीम' आदेश

- ड्राफ्ट वोटर लिस्ट से नाम हटाए जाने के कारण भी बताए जाएंगे
- मंगलवार तक बताएं, क्या कर रहे हैं: सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (SIR) को लेकर चुनाव आयोग को आदेश दिया है कि वो मंगलवार तक ड्राफ्ट वोटर लिस्ट से काटे गए 65 लाख लोगों के नाम की सूची जिला स्तर पर जारी करे और सबके नाम के आगे डिलीट करने का कारण भी बताए। इस सूची को प्रखंड और पंचायत स्तर के कार्यालय पर भी लगाने कहा गया है। अखबार से टीवी तक प्रचार करने का भी आदेश है। अदालत ने आयोग को कहा है कि लिस्ट ऐसी होनी चाहिए, जिसमें मतदाता वोटर आईडी कार्ड नंबर (EPIC) डालकर अपना नाम खोज सके।



### ड्राफ्ट लिस्ट और हटाए गए नाम

बिहार विधानसभा चुनाव से पहले स्पेशल वोटर लिस्ट रीविजन के बाद आयोग ने 1 अगस्त को पहला मसौदा जारी किया था, जिसमें 65 लाख लोगों के नाम काटे गए हैं। आयोग ने कहा है कि इन 65 लाख लोगों में 22 लाख मर चुके हैं, जबकि 36 लाख लोग दूसरी जगह चले गए या मिले नहीं। आयोग के मुताबिक 7 लाख वोटर ऐसे थे जिनके नाम दो जगह दर्ज थे।

### कोर्ट के निर्देश और पालन

सुप्रीम कोर्ट में कुछ राजनीतिक दलों, नेताओं और एनजीओ ने बिहार चुनाव से ठीक पहले इस तरह से स्पेशल इन्टेन्सिव रिवीजन (SIR) के खिलाफ केस दायर किया है, जिस पर कई दिनों से सुनवाई चल रही है। सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग को गुरुवार को यह अंतरिम आदेश दिया है और कहा है कि अगले शुक्रवार को वो आगे की सुनवाई करेगा। कोर्ट ने जिला स्तर से आदेश के पालन की रिपोर्ट भी आयोग से मांगी है कि लिस्ट निर्देश के मुताबिक सार्वजनिक कर दी गई है।

### क्या कहा गया अंतरिम आदेश में ?

सुप्रीम कोर्ट में जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाला बागची की बेंच ने याचिकाकर्ताओं और चुनाव आयोग के वकील की दलीलें सुनने के बाद अंतरिम आदेश में कहा है कि 2025 के समरी रिवीजन के बाद की मतदाता सूची में जिन 65 लाख लोगों के नाम थे लेकिन SIR के बाद ड्राफ्ट लिस्ट से हटा दिए गए हैं, उनकी सूची जिला स्तर पर जारी की जाए। जिला निर्वाचन पदाधिकारी की साइट पर यह सूची उपलब्ध हो, जिसमें वोटर कार्ड नंबर डालकर वोटर अपनी जानकारी ले सके।

सूची बूथवार होनी चाहिए। बेंच ने कहा है कि लिस्ट में हर वोटर के सामने ड्राफ्ट मतदाता सूची से नाम काटने का कारण भी दर्ज होना चाहिए। कोर्ट ने कहा है कि सर्वाधिक सर्कुलेशन वाले अखबार में इसका प्रचार-प्रसार किया जाए और दूरदर्शन और रेडियो चैनल के जरिए भी लोगों को बताया जाए कि इस तरह की सूची जारी हुई है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी के अगर सोशल मीडिया खाते सक्रिय हैं तो वहां भी यह जानकारी दी जाए।

# पाकिस्तानी नेताओं की गीदड़भभकी पर भारत का पलटवार

**भारत ने पाकिस्तानी नेताओं को दी जुबान पर नियंत्रण रखने की चेतावनी**

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ, सेना प्रमुख आसिम मुनीर और अन्य नेताओं की भारत विरोधी बयानबाजी पर भारतीय सरकार ने कड़ा जवाब दिया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि पाकिस्तान को अपनी बयानबाजी पर संयम रखना चाहिए, अन्यथा किसी भी दुस्साहस के गंभीर परिणाम होंगे। उन्होंने याद दिलाया कि हाल में ऑपरेशन सिंधूर में पाकिस्तान को गंभीर नुकसान उठाना पड़ा था।



### पाकिस्तान की बयानबाजी

शहबाज शरीफ ने सिंधु जल संधि को लेकर भारत को सबक सिखाने की बात कही, जबकि आसिम मुनीर ने अमेरिकी धरती से भारत पर परमाणु हमला करने की धमकी दी। पाकिस्तान की इस तरह की बयानबाजी को जायसवाल ने युद्धोन्मादी और घृणास्पद करार दिया। उन्होंने कहा कि भारत अपनी सुरक्षा के लिए आवश्यक सभी कदम उठाता रहेगा।

### भारत का कड़ा रुख

जवाब में भारत ने पाकिस्तान को ऑपरेशन सिंदूर और मई में हुए हवाई हमलों की याद दिलाई, जब पीओके और पाकिस्तान के ठिकानों पर कार्रवाई की गई थी। विदेश मंत्रालय ने यह भी स्पष्ट किया कि अमेरिका जैसे मित्रवत तीसरे देश की धरती से की गई धमकियों को भी गंभीरता से देखा गया है। पहलगाम आतंकी हमला के बाद भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ कड़े कदम उठाते हुए सिंधु जल संधि रद्द कर दी थी।

## न्यूज़ ब्रीफ

### 23 अगस्त को राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन की शुरुआत करेंगे प्रधानमंत्री

**भोपाल।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 23 अगस्त को दिल्ली के पूसा स्थित भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) में राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन की शुरुआत करेंगे। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने गुरुवार को यह जानकारी दी। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने राज्यों के कृषि मंत्रियों के साथ वीडियो कांफ्रेंस के जरिए बैठक करने के बाद कहा कि आगामी रबी की फसल के दौरान तीन से 18 अक्टूबर तक देशभर में 'विकसित कृषि संकल्प अभियान' की शुरुआत होगी। दिल्ली में 15-16 सितंबर को 'रबी सम्मेलन' का आयोजन किया जाएगा। बैठक के दौरान राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन पर विस्तार से चर्चा हुई।

### बीजापुर में आईईडी विस्फोट से जवान घायल

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले के इंद्रावती क्षेत्र में बारूदी सुरंग में विस्फोट होने से जिला रिजर्व गार्ड (डीआरजी) का जवान घायल हो गया। पुलिस अधिकारियों ने गुरुवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जिले में नक्सल रोधी अभियान के लिए डीआरजी बीजापुर और एसटीएफ के संयुक्त दल को इंद्रावती क्षेत्र में रवाना किया गया था। उन्होंने कहा कि आज जब दल क्षेत्र में था तब नक्सलियों की बिछाई बारूदी सुरंग में विस्फोट होने से एक जवान घायल हो गया। अधिकारियों ने बताया कि घायल जवान की जान खतरे से बाहर है।

### असम में अब ऑनलाइन पोर्टल से मिलेंगे हथियारों का लाइसेंस

**गुवाहाटी।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा ने गुरुवार को एक डिजिटल पोर्टल लॉन्च किया, जिसके जरिए राज्य के संवेदनशील क्षेत्रों में रहने वाले मूल निवासी हथियार लाइसेंस के लिए आवेदन कर सकेंगे। यह कदम सरकार और जिम्मेदार नागरिकों के बीच साझेदारी को मजबूत करने के लिए उठाया गया है, ताकि कानून-व्यवस्था बनाए रखने में मदद मिल सके। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि सरकार केवल लाइसेंस देगी, हथियार नहीं। मुख्यमंत्री सरमा ने बताया कि इस पोर्टल के जरिए केवल वही लोग आवेदन कर सकेंगे।

## रेणुकास्वामी मर्डर केस

# एक्टर दर्शन की जमानत रद्द

### लोकप्रियता चाहे जितनी हो, कानून से बड़ा कोई नहीं: सुप्रीम कोर्ट

**एजेंसी । नई दिल्ली**

नई दिल्लीः सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को रेणुकास्वामी हत्याकांड के मुख्य आरोपी एक्टर दर्शन और अन्य आरोपियों की जमानत रद्द कर दी। जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस आर महादेवन की बेंच ने कर्नाटक हाईकोर्ट के 13 दिसंबर 2024 के आदेश को खारिज किया, जिसमें दर्शन और सह-आरोपियों को जमानत दी गई थी।

### कोर्ट का बयान और निर्देश



सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि यह फैसला यह संदेश देता है कि आरोपी चाहे कितने भी लोकप्रिय क्यों न हों, कानून के ऊपर कोई नहीं है। अदालत ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि एक्टर दर्शन और सभी अन्य आरोपियों को तुरंत हिरासत में लिया जाए। साथ ही, राज्य सरकार को जेल में किसी भी तरह की विशेष सुविधाओं को लेकर चेतावनी भी दी गई।

### मामले का विवरण

दर्शन, पवित्रा गौड़ा और अन्य आरोपियों पर 33 साल की रेणुकास्वामी नाम की फैन के अपहरण और उसे प्रताड़ित करने का आरोप है। पुलिस के अनुसार, जून 2024 में रेणुका को बेंगलुरु के एक शेड में तीन दिन तक प्रताड़ित किया गया था और बाद में उसका शव एक नाले में मिला।

# 86 गैलेंट्री अवॉर्ड का ऐलान

- ऑपरेशन सिंदूर में पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों को तबाह करने वाले 9 फाइटर पायलट-ऑफिसर को वीर चक्र

**एजेंसी । नई दिल्ली**

स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर ऑपरेशन सिंदूर में बहादुरी और साहस दिखाने वाले आर्म्ड फोर्स के 86 जवानों को गैलेंट्री अवॉर्ड देने का ऐलान हुआ है। वायुसेना के 52 जवानों को वीरता पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। एयरफोर्स के 9 ऑफिसर को वीर चक्र दिया गया है। इनमें ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान के मुरीदके और बहावलपुर में आतंकी ठिकानों को तबाह करने वाले फाइटर पायलट भी शामिल हैं। परमवीर चक्र और महावीर चक्र के बाद यह तीसरा सबसे बड़ा पुरस्कार है।



### BSF के 16 जवान वीरता मेडल से सम्मानित

सीमा सुरक्षा बल (BSF) के 16 जवानों को गैलेंट्री मेडल दिया गया है। BSF देश की पहली सुरक्षा लाइन है, जो 2290 किलोमीटर लंबी भारत-पाकिस्तान सीमा और पश्चिमी इलाके में लाइन ऑफ कंट्रोल (LoC) की निगरानी और रक्षा करती है। ऑपरेशन के दौरान BSF के दो जवान शहीद और सात घायल हुए। इसके अलावा पुलिस और अर्धसैनिक बलों के जवानों को भी मेडल से सम्मानित किया है। इनमें जम्मू-कश्मीर पुलिस के 128, CRPF के 20 और छत्तीसगढ़ पुलिस के 14 पदक शामिल हैं।

### 13 अधिकारियों को युद्ध सेवा मेडल

वहीं, एयरफोर्स के 13 अधिकारियों को युद्ध सेवा मेडल और 26 अधिकारी-वायुसैनिकों को वायु सेना मेडल दिया गया है। वहीं वाइस चीफ ऑफ एयर स्टाफ एयर मार्शल नर्मदेश्वर तिवारी समेत एयरफोर्स के 4 ऑफिसर को सर्वोत्तम युद्ध सेवा पदक से सम्मानित किया गया। इंडियन आर्मी के 18 जवानों को वीरता मेडल से सम्मानित किया है। भारतीय सेना के अधिकारी ने बताया कि 2 सीनियर इंडियन आर्मी ऑफिसर को सर्वोत्तम युद्ध सेवा पदक से सम्मानित किया गया। वहीं 4 कीर्ति चक्र, 4 वीर चक्र और 8 शौर्य चक्र दिए गए हैं।

### सेंट्रल-स्टेट फोर्स के 1090 पुलिसकर्मियों को सेवा पदक

केंद्र सरकार ने सेंट्रल और स्टेट फोर्स के 1090 पुलिसकर्मियों को सेवा पदक देने की घोषणा की है। गृह मंत्रालय के मुताबिक, 233 पुलिसकर्मियों को वीरता मेडल, 99 को राष्ट्रपति का विशिष्ट सेवा पदक और 758 को उत्कृष्ट सेवा पदक से सम्मानित किया गया है। इनमें फायर सर्विस, होम गार्ड, सिविल डिफेंस और करेक्शनल सर्विस पर्सनल भी शामिल हैं। जम्मू-कश्मीर के सबसे ज्यादा 152 पुलिसकर्मियों को वीरता मेडल मिले हैं।

# इंडिजिनस नेशनलिस्ट पार्टी ऑफ त्रिपुरा पर मंडराए संकट के बादल

**एजेंसी । अगरतला**

चुनाव आयोग ने इंडिजिनस नेशनलिस्ट पार्टी ऑफ त्रिपुरा (आईएनपीटी) को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। आयोग ने पार्टी से पूछा है कि उसे पंजीकृत राजनीतिक दलों की सूची से क्यों न हटाया जाए। यह नोटिस त्रिपुरा के सूचना एवं सांस्कृतिक मामलों (ICA) विभाग की ओर से बुधवार को जारी किया गया।

पूर्व उग्रवादी से नेता बने बिद्योज कुमार ह्रांगखावल ने साल 2002 में इस पार्टी का गठन किया था। इसका उद्देश्य त्रिपुरा में आदिवासी राजनीतिक ताकतों को एकजुट करना था। हालांकि, 2021 में आईएनपीटी का विलय टिपरा मोथा पार्टी (टीएमपी) में हो गया। इसके बाद से पार्टी ने कोई चुनाव नहीं लड़ा।




### पार्टी को दिया गया मौका

आयोग ने कहा कि पार्टी को अपनी मान्यता खत्म करने से पहले जवाब देने का अवसर दिया जाएगा। पार्टी को 21 अगस्त 2025 तक लिखित जवाब देना होगा, जो पार्टी के अध्यक्ष या महासचिव के शपथपत्र और आवश्यक दस्तावेजों के साथ होना चाहिए। सुनवाई की तारीख 28 अगस्त 2025 को दोपहर तीन बजे, त्रिपुरा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी के कार्यालय में तय की गई है।

### चुनाव आयोग का आधार

चुनाव आयोग के रिकॉर्ड के अनुसार, पार्टी ने 2018 और 2023 में लोकसभा व विधानसभा चुनावों में कोई उम्मीदवार खड़ा नहीं किया। साथ ही पिछले दो आम चुनावों के दौरान हुए उपचुनावों में भी पार्टी ने हिस्सा नहीं लिया। आयोग ने नोटिस में कहा कि यह स्पष्ट है कि पार्टी अब एक राजनीतिक दल के रूप में सक्रिय नहीं है।

### जवाब न मिलने पर कार्रवाई तय

चुनाव आयोग ने स्पष्ट किया कि अगर तय समय तक जवाब नहीं मिला तो यह माना जाएगा कि पार्टी के पास कहने के लिए कुछ नहीं है, और फिर बिना किसी और सूचना के कार्रवाई की जाएगी। यह कदम राजनीतिक दलों की सक्रियता और चुनावी भागीदारी सुनिश्चित करने की दिशा में आयोग की सख्ती को दर्शाता है।

# वृद्ध मां-बाप की सेवा करने वालों को सम्मानित करेगी सिक्किम सरकार



**गंगटोक।** सिक्किम सरकार ने राज्य के 199 लोगों को श्रवण कुमार पुरस्कार के रूप में 1-1 लाख रुपये प्रदान करने के लिए चुना है। यह पुरस्कार बुजुर्ग माता-पिता की देखभाल करने वालों को दिया जाता है। एक अधिकारी ने गुरुवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सभी 199 लाभार्थियों को शुक्रवार को विभिन्न जिलों में स्वतंत्रता दिवस समारोहों में यह पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। प्रेम सिंह तमांग सरकार ने अपने बुजुर्ग माता-पिता के प्रति असाधारण देखभाल और समर्पण दिखाने वाले बेटे-बेटियों को सम्मानित करने के लिए श्रवण कुमार पुरस्कार शुरू किया है।

इस पुरस्कार का नाम पौराणिक पात्र श्रवण कुमार के नाम पर रखा गया है, जिन्होंने अपने नेत्रहीन माता-पिता की देखभाल की थी। अधिकारी ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य बुजुर्गों के प्रति सम्मान को प्रोत्साहित करना और वृद्धावस्था में माता-पिता की देखभाल करने की सिक्किम की सांस्कृतिक परंपरा को संरक्षित करना है।

# गैंगस्टर रणदीप मालिक अमेरिका में गिरफ्तार



- दिल्ली के नादिर शाह मर्डर केस में था वांटेड

**चंडीगढ़।** ,कुख्यात गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई का करीबी रणदीप मालिक अमेरिका में गिरफ्तार हुआ है। गैंगस्टर रणदीप मालिक को अमेरिका की संघीय कानून प्रवर्तन और खुफिया एजेंसी फेडरल ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टिगेशन (FBI) ने गिरफ्तार किया है। रणदीप अमेरिका में बैठकर लॉरेंस के इशारे पर मर्डर करवा रहा था। वह दिल्ली के नादिर शाह मर्डर केस में वांटेड था। नादिर शाह मर्डर केस में जो हथियार इस्तेमाल हुए थे। वह रणदीप ने ही विदेश में बैठकर मुहैया करवाये थे। गुरुग्राम और चंडीगढ़ में क्लब के सामने ब्लास्ट की साजिश भी रणदीप सिंह मलिक ने ही रची थी। रणदीप सिंह को अमेरिका के जैक्सन पैरिश करेक्शनल सेंटर में हिरासत के रखा गया है। एफबीआई ने रणदीप की गिरफ्तारी की जानकारी भारतीय एजेंसियों के साथ साझा की है।

### काजीरंगा की सबसे बुजुर्ग हथिनी मोहनमाला का 85 साल की आयु में निधन

**गोवाहाटी।** असम के काजीरंगा नेशनल पार्क ने अपनी सबसे बुजुर्ग हथिनी मोहनमाला को अश्रुपूर्ण विदाई दी. मोहनमाला का गुरुवार सुबह 9 बजकर 40 मिनट पर आयु संबंधी बीमारियों के कारण निधन हो गया. कोहोरा रेंज के वन रेंज अधिकारी डॉ विभूति रंजन गोगोई के अनुसार मोहनमाला 17 मई, 1970 को काजीरंगा आई थीं. दिवंगत वन अधिकारी दुर्गा प्रसाद नियोग ने पार्क के संरक्षण प्रयासों को सुदृढ़ करने के लिए उन्हें उद्यान अधिकारियों को उपहार स्वरूप दिया था. दशकों तक, मोहनमाला ने उद्यान के अंदरूनी इलाकों में गश्त करने से लेकर पर्यटकों को सफारी पर ले जाने तक, विभिन्न भूमिकाएं निभाईं. रिकॉर्ड बताते हैं।

सभी देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



चंनडी माई धाम बीरमपुर जौनपुर बाबा पागल दास मोनी बाबा लिमखेड़ा गुजरात

**स्वतंत्रता दिवस समरोह** दस एंटी-ड्रोन डिटेक्शन सिस्टम और पांच एयर डिफेंस गन सिस्टम तैनात

# लालकिले की सुरक्षा 80 तकनीकी टीमों के हवाले

**एजेंसी । नई दिल्ली**

स्वतंत्रता दिवस समारोह की सुरक्षा के लिए इस बार हाई-टेक उपकरणों और उन्नत तकनीक पर जोर दिया गया है। लालकिले पर 10 एंटी-ड्रोन डिटेक्शन सिस्टम और पांच एयर डिफेंस गन सिस्टम तैनात किए गए हैं, जो पांच किलोमीटर दूर से ही ड्रोन या किसी भी संदिग्ध उड़ने वाली वस्तु को पहचानकर जाम कर सकते हैं। 80 तकनीकी टीमों को इस सुरक्षा मिशन में लगाया गया है।





### एयर सर्विलांस और कमांडो की पोजिशनिंग

सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए छह हेलीकॉप्टर से हवाई निगरानी की जाएगी, जबकि पांच मीडियम मशीनगन से लैस कमांडो दस्ते ने मोर्चा संभाल लिया है। एंटी-ड्रोन और एयर डिफेंस सिस्टम के संचालन के लिए अलग से कंट्रोल रूम बनाया गया है। लालकिले के अंदरूनी हिस्से की जिम्मेदारी एसपीजी और एनएसजी कमांडो के पास है, जबकि बाहरी सुरक्षा दिल्ली पुलिस और पैरामिलिट्री बलों के हवाले है।

### टू-लेयर सिक्योरिटी और रूफ-टॉप निगरानी

लालकिले के बाहरी हिस्से को पूरी तरह सील कर टू-लेयर सिक्योरिटी लागू की गई है। पहली लेयर में 10 मेटल डिटेक्टर, दो बैगेज स्कैनर, 10 मचान और 25 सुरक्षा मोर्चे बनाए गए हैं। दूसरी लेयर में दिल्ली पुलिस के 500 जवानों के साथ पैरामिलिट्री की चार कंपनियां तैनात हैं। आसपास की ऊंची इमारतों पर 300 रूफ-टॉप प्वाइंट बनाए गए हैं, जहां से संदिग्ध गतिविधियों पर कड़ी नजर रखी जाएगी।

### यूवीएसएस तकनीक से वीआईपी वाहनों की जांच

सुरक्षा एजेंसियां वीआईपी वाहनों की जांच के लिए अंडर व्हीकल स्कैनिंग सिस्टम का इस्तेमाल करेंगी। यह सिस्टम गाड़ी के निचले हिस्से को पूरी तरह स्कैन कर स्क्रीन पर दिखा देता है, जो पहले मिरर तकनीक से संभव नहीं था। लालकिला मैदान के पास सुभाष पार्क में पार्क किए जाने वाले वाहनों पर भी सुरक्षा बल विशेष नजर रखेंगे। हवाई हमलों की आशंका को देखते हुए दिल्ली पुलिस ने पैरा-ग्लाइडर, पैरा-मोटर, हैंग-ग्लाइडर, यूएवी, ड्रोन, माइक्रोलाइट एयरक्राफ्ट जैसी सभी उड़ान गतिविधियों पर रोक लगा दी है।